卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐जय माता दी卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहिं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

वर्श 24 | अंक 200 | पृष्ठ 8 | रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) | मंगलवार | 30 अप्रैल 2024 | मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

# उत्तराखंड बोर्ड में बेटियों ने फिर मारी बाजी

## उत्तराखंड बोर्ड का परीक्षाफल घोषित: 10वी में गंगोलीहाट की प्रियांशी रावत और इंटरमीडिएट में अल्मोड़ा के पीयूष खोलिया एवं हल्द्वानी की कंचन जोशी ने किया टॉप

रामनगर( उद संवाददाता)। आज उत्तराखंड बोर्ड का 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया गया,जिसमे प्रदेश में प्रथम स्थान पर रही छात्राओ ने फिर




मारी बाजी। 10वी कक्षा में जेबीएस जीआईसी गंगोलीहाट पिथौरागढ़ की छात्रा प्रियांशी रावत ने 500 में से 500 अंक प्राप्त कर प्रदेश की श्रेष्ठता सूची में अपना नाम दर्ज किया। वहीं इंटरमीडिएट में प्रदेश की श्रेष्ठता सूची में अल्मोड़ा के पीयूष खोलिया एवं हल्द्वानी की कंचन जोशी ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त कर अपना नाम दर्ज किया। हाई स्कूल में परीक्षा फल 89.14 रहा इसमें बालकों का उतर प्रतिशत 85.59 तथा बालिकाओं का उत्तर प्रतिशत 92.54 रहा। हाई स्कूल में प्रियांशी रावत गंगोलीहाट पिथौरागढ़ की छात्रा ने 500 से 500 अंक प्राप्त कर 100% अंक प्राप्त कर प्रदेश की संयुक्त विशेषता सूची में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर शिवम मलेथा रहे जो जनती रुद्रप्रयाग ने 500 में से 498 अंक प्राप्त काल कुल 93.7% अंक प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर आयुष गढ़वाल ने 495 में से 500 अंक प्राप्त कर 93% अंक प्राप्त किया। कक्षा 12वी में प्रथम स्थान पर 12 वीं में पीयूष खोलीया और कंचन जोशी ने संयुक्त रूप से 498 अंक के साथ संयुक्त रूप से टॉप किया है। उत्तराखंड बोर्ड का आज 10वी और 12 वी का परीक्षापरिणाम उत्तराखंड बोर्ड के सभापति की उपस्थिति में जारी किया गया। हाईस्कूल का परिणाम 89.14 फीसदी रहा है। इंटरमीडिएट में कुल 82. 63 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा है। प्रदेश की हाईस्कूल परीक्षा 2024 में जनपद बागेश्वर कुल 95.42 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर रहा है। पिथौरागढ़ की प्रियांशी रावत ने टॉप किया है। रावत ने 500 में से 500 अंक हासिल किए हैं और कुल 100.00 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। दूसरे नंबर पर रुद्रप्रयाग के शिवम मलेथा रहे हैं। जिन्होंने 500 में से 498 अंक हासिल किए हैं। जबकि तीसरे नंबर पर पौड़ी के **( शेष पेज सात पर )**

उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में टॉप 20 की सूची अंदर के पृष्ठ पर

## सीएम ने टॉपरों को दी बधाई अभिभावकों को भी दी सलाह

### शिक्षा मंत्री ने दी प्रियांशी को फोन पर बधाई

देहरादून( उद संवाददाता)। उत्तराखंड बोर्ड का 10वीं और 12वीं के परिणाम जारी हो गए हैं। जीआईसी गंगोलीहाट की 10 वीं की छात्र प्रियांशी रावत और 12 वीं में पीयूष खोलिया और कंचन जोशी ने संयुक्त रूप से टॉप किया है। 10वीं का



परीक्षा परिणाम 88.14 प्रतिशत रहा। वहीं इंटर का परीक्षा परिणाम 82.63 प्रतिशत रहा। सीएम धामी ने परिकहस में उत्तीर्ण होने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है। सीएम धामी ने कहा कि यह आपके कठिन परिश्रम और लगन का प्रतिफल है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप आने वाले समय में भी राज्य और देश का नाम अवश्य रोशन करेंगे। इसके साथ ही सीएम धामी ने परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए छात्र- छात्राओं को निराश न होने की सलाह दी है।सीएम धामी ने कहा अनुत्तीर्ण हुए छात्र- छात्राओं के अभिभावकों से अनुरोध किया है कि बच्चों पर दबाव न बनायें बल्कि उनका साथ दें। ये जीवन में सफलता का आखिरी मापदंड नहीं है। आप सभी पूर्ण मनोयोग से और अधिक मेहनत के साथ प्रयास कर सफलता को प्राप्त कर सकते हैं।शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह ने परीक्षा के परिणाम घोषित होने के **( शेष पेज सात पर )**

## अवैध संबंधों का विरोध करने पर पति को मौत के घाट उतारा

बाजपुर/काशीपुर। बाजपुर थाना क्षेत्र के बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी क्षेत्र में एक हेकड़ किस्म की महिला ने अवैध संबंधों का विरोध करने पर आज तड़के लड़ाई झगड़ा के दौरान नुकीले हथियार से पति का मुंह कुचल कर उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना को अंजाम देने के बाद उसने चौकी पहुंचकर खुद को सरेंडर कर दिया। सुबह सवेरे दिल को दहला देने वाली इस घटना को लेकर क्षेत्र में सनसनी का माहौल है। फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली थाना क्षेत्र के बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले गांव जोगीपुरा निवासी रमेश चंद्र 45 पुत्र अविनाश से सुबह लगभग 4:00 बजे उसकी पत्नी विमला देवी से झगड़ा हो गया। बताया जा रहा है कि उसकी पत्नी के किसी से अवैध संबंध है। इसी बात को लेकर पिछले कुछ समय से दंपति के बीच तनाव चल रहा था। पता चला है कि आज तड़के लगभग 4:00 बजे एक बार फिर से इसी बात को लेकर पति-पत्नी आपस में झगड़ा फसाद करने लगे। इसी बीच मौका पाकर पत्नी ने धारदार हथियार से पति के चेहरे को बुरी तरह कुचलते हुए उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना के तत्काल बाद **( शेष पेज सात पर )**

## पीएसी जवान ने बैरक में सो रहे कर्मी पर किया हमला

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। 31वीं वाहिनी पीएसी में बैरक में सो रहे पीएसी कर्मी को दूसरे पीएसी कर्मी ने हमला कर दिया। हमले में पुलिस कर्मी लहूलुहान हो गया। घायल को उपचार को अस्पताल ले जाया गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। जानकारी के मुताबिक सोमवार रात को 31वीं वाहिनी की बैरक में सो रहे पीएसी कर्मी पर एक पीएसी कर्मी ने ईंट से सिर पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि हमलें में वह लहूलुहान हो गया। पीएसी कर्मी पर हमला करने की सूचना पीएसी के अधिकारियों में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में मौके पर पहुंचे। घायल को अस्पताल पहुंचाया। घायल के सिर पर गंभीर चोटें आई। बताया जा रहा है कि मौके पर रुद्रपुर कोतवाली पुलिस पहुंची। एसएसआई केसी आर्या ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी दीपक कुमार ने बैरक में सो रहे अजमेर सिंह पर ईंट से हमला कर दिया। उसके खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज लिया। आरोपी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी पीएसी कर्मी की आरोपी बाईक मांग कर ले गया। बाईक को क्षतिग्रस्त कर लेकर आया।

## शराब के नशे में पड़ोसी पर धारदार हथियार से हमला, मौत

काशीपुर( उद संवाददता)। शराब के नशे में चूर होकर उत्पात मचाने से मना करने पर सिरफिरे ने पड़ोसी युवक पर धारदार हथियार से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने कातिल को हिरासत में ले लिया है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के मुताबिक बाजपुर थाना क्षेत्र के बरहनी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत नैय्या वाही, हरिपुर हरसान निवासी रंजीत पुत्र छविराम मेहनत मजदूरी किया करता है। पता चला है कि बीते सोमवार की रात्रि लगभग 8:00 बजे पड़ोस में रहने वाला संजय कुमार पुत्र



ध्यान चंद्र शराब के नशे में चूर होकर मोहल्ले में उत्पात मचा रहा था। क्योंकि रंजीत और संजय पड़ोसी होने के कारण अक्सर मजदूरी करने साथ जाया करते थे इसलिए जब रंजीत को इसका पता चला तो उसने संजय को **( शेष पेज सात पर )**

# रूद्रपुर में होगा यूपी और उत्तराखण्ड का सबसे बड़ा पंजा कम्पटीशन

## बॉडी बिल्डिंग की राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के सफल आयोजन के बाद चौपड़ा जिम की अनूठी पहल

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। बॉडी बिल्डिंग क्षेत्र में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का रूद्रपुर में सफल आयोजन कर सुर्खियों में आये बॉडी बिल्डर मोहित चौपड़ा अब रूद्रपुर में उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड का सबसे बड़ा चौपड़ा पंजा कम्पटीशन कराने जा रहे है। आगामी 12 मई को होने वाले इस पंजा कम्पटीशन में कई शहरों से लोग प्रतिभाग करेंगे। अब तक 100 से अधिक लोग इस प्रतियोगिता के लिये अपना रजिस्ट्रेशन करा चुके है। बॉडी बिल्डिंग क्षेत्र में कई खिताब जीत चुके और रूद्रपुर,देहरादून व हल्द्वानी सहित चार शहरों में जिम चला रहे मोहित चौपड़ा ने बताया कि आगामी 12 मई को रूद्रपुर के सिटी क्लब में चौपड़ा पंजा कम्पटीशन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप



में बॉड़ी बिल्डिंग क्षेत्र में उत्तराखण्ड यूथ आइकोन के रूप में बड़ी तेजी से उभरे दीपक मुन्जाल होंगे। यह प्रतियोगिता लेडिज और जेन्टस के लिये अलग-अलग होगी। पंजा कम्पटीशन को वजनवार 9 श्रेणियां में बांटा गया है। पहली श्रेणी 40 किग्रा वजन तक के लिये है और फिर 45 किग्रा,50 किग्रा,55 किग्रा,60 किग्रा,65 किग्रा,70 किग्रा,75 किग्रा तक और उसके बाद इससे ऊपर के वजन वालों की श्रेणी में बांटा गया है। श्री चौपड़ा ने बताया कि बायें और दाहिने पंजे वालों दोनों के लिये वजन की यही श्रेणी है। जिसमें लेडिज और जेन्टस अपने जेण्डर में शामिल हो सकते है। उन्होंने बताया कि पुरूष प्रतिभागियों के लिये नाम मात्र 500 रूपये की इंट्री फीस है ओर बाये और दायें दोनों श्रेणियों में जोर आजमाईश करने वालों के लिये 800 रूपये की फीस निधारित है। जबकि लेडिज के लिये इस प्रतियोगिता में निःशुल्क इंट्री है। पुरूष वर्ग में प्रथम,द्वितीय और तृतीय विजयीप्रतिभागियों को ट्राफियों और मेडल के साथ 11-11हजार रूपये का नगद पुरूस्कार भी दिया जायेगा। जबकि महिला वर्ग में प्रथम,द्वितीय और तृतीय विजयी प्रतिभागियों को ट्राफियों और मेडल के साथ 5100 रूपये के नगद पुरूस्कार की व्यवस्था है। श्री चौपड़ा ने बताया कि बलिया,मथुरा,मेरठ, गाजियाबाद, रामपुर,देहरादून,केलाखेड़ा सहित भारत के कई शहरों से 100 से अधिक **( शेष पेज सात पर )**

## प्रतियोगिता में चैम्पियन ऑफ चैम्पियन्स का खुला चैलेंज

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड के सबसे बड़े पंजा कम्पटिशन में खुला चैलेंज करने वाले भी प्रतिभाग कर सकते है और चैम्पियन ऑफ चैम्पियन का खुला चैलेंज जीतने वाले प्रतिभागी को बड़ी ट्रॉफी के साथ 11 हजार रूपये का नगद इनाम भी दिया जायेगा। पंजा कम्पटिशन के आयोजक और बॉडी बिल्डिर मोहित चौपड़ा ने बताया कि पंजा कम्पटिशन में एक अलग थीम भी रखी गई है। जिसे चैम्पियन ऑफ चैम्पियन का नाम दिया गया है। इसमें कोई भी शामिल हो सकता है। इसमें शामिल होने वाला का पंजा कोई नही गिरा पाया तो उसे चैम्पियन ऑफ चैम्पियन का खिताब दिया**( शेष पेज सात पर )**

## रूद्रपुर में पंजा कम्पटीशन को लेकर दर्शकों में उत्साह

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। स्कूल से लेकर कालेज लाईफ में पंजा लड़ाने का अनुभव सबके पास है। बचपन से लेकर युवा और वृद्धा अवस्था में कभी न कभी अधिकांश लोगों को पंजा लड़ाने की जोर आजपाईश का मौका मिल ही जाता है। यहां तक की बुजुर्गो को भी अपने पोत्रों और दोत्रों के साथ खुशी के पलों में दो-दो हाथ करना अच्छा लगता है। मजाक-मजाक का खेल अब यह प्रतियोगिता के रूप में अब आपके शहर रूद्रपुर में होने जा रहा है। उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड में अब तक के आयोजनों में सबसे बड़े आयोजन का दावा कर रहे आयोजकों के इस पंजा कम्पटीशन को देखने के **( शेष पेज सात पर )**

## हाईस्कूलऔर इंटर की श्रेष्ठता सूची



### हाईस्कूल के टॉप 20 छात्र छात्रायें

1- प्रियांशी रावत, जेबीएस राइका, गंगोली हाट, 100 प्रतिशत
2- शिवम मलेथा, जनता हासेस्कूल, मनीपुर , चाका, 99.60 प्रतिशत
3- आयुश, एसवीएमआईसी, श्रीकोट,गंगानली पुरी, 99 प्रतिशत
4- पूर्वांशी ध्यानी, जीएमआईसी, धूमाकोट, 98.80 प्रतिशत
5- अर्चित डोंडियाल, जेएसएनएसएनएम, गैरसेण, 98.60 प्रतिशत
6- निशा आर्य, वीएमआइसी, अल्मोड़ा, 98.40 प्रतिशत
7- शुभम उपाध्याय, पीपीएसवीएमआइसी, नानकमता, 98.40
8- सिद्धार्थ राणा, हिइंका, बरकोट, 98.20 प्रतिशत,
9- मयंक पुरोहित, एसवीएमएचएसएस, श्रीनगर, 98.20 प्रतिशत
10- रजत मारकूना, हिइंका, चौकोरी, 98.20 प्रतिशत
11- दीक्षा पंत, एसवीएमइंका, हल्द्वानी, 98.20 प्रतिशत
12- अनुराग असवाल, न्यूसुग्राइंका, बरकोट, 98 प्रतिशत
13- रीतिका रावत, लबाइंका, शिशोंन, 98 प्रतिशत
14- कार्तिक भट्ट, आर्मी स्कूल, धारचूला, 98 प्रतिशत
15- अंजू बिष्ट, वीएमएचएसएस, रानीखेत, 98 प्रतिशत
16- यूसुफ सिद्दीकी, सविमंइंका, रानीपुर, 97.80 प्रतिशत
17- अभिषेक आदर्श, रिशएसवीएमआइसी, जानकीनगर, 97.80 प्रतिशत
18- अंकिता बिष्ट, एसवीएमइंका, हल्द्वानी, 97.80 प्रतिशत
19- शुभम सिंह पंवार, एसबीबीबीवीएस, जगधार, 97.60 प्रतिशत
20- गीतिका पंत, सशिमंइंका, बागेश्वर, 97.60 प्रतिशत

### इंटरमीडिएट के टॉप 20 छात्र छात्रायें

1-पियूष खोलिया, विइंका, अल्मोड़ा, 97.60 प्रतिशत
2- कंचन जोशी, एसवीएमइंका, हल्द्वानी, 97.60 प्रतिशत
3- अंशुल नेगी, एपीआईसी, रूद्रप्रयाग, 97 प्रतिशत
4- हरीश चन्द्र बिजीवान, एसवीएमआईसी, ऋषिकेश, 96 प्रतिशत
5- आयुश अवस्थी, गो.ग.द.सविमं, उत्तरकाशी, 96 प्रतिशत
6- अभय उपाध्याय, खोविइंका, बागेश्वर, 95.80 प्रतिशत
7- सोनाली यादव, तुराएसवीएमआईसी, काशीपुर, 95.60 प्रतिशत
8- अभिषेक, लता बाबा इंका, शिशोंन, 95.40 प्रतिशत
9- साक्षी, सधकइंका, रूद्रपुर, 95.20 प्रतिशत
10- नितिन पोखरियाल, लाओज्ञागइंका, लालढ़ांग, 95 प्रतिशत
11- दिव्यांशी उपाध्याय, एसवीएमआईसी, ऋषिकेश, 95 प्रतिशत
12- अंशिका नेगी, एपीआईसी, रूद्रप्रयाग, 95 प्रतिशत
13- जलज सिंह बिष्ट, विइंका, रानीधारा, 95 प्रहतिशत
14- आयुष भट्ट, चिएसीसेस्कू, हल्दूचौड़, 95 प्रतिशत
15- सुमनजीत कौर, श्रीगुनागइंका, रूद्रपुर, 95 प्रतिशत
16- आनन्द चन्द नौटियाल, सविइंका, मायापुर, 94.80 प्रतिशत
17- ऋषभ सिंह, जीआईसी, चोपटा, रूद्रप्रयाग, 94.80 प्रतिशत
18- रोहित, एपीआइसी, रूद्रप्रयाग, 94.80 प्रतिशत
19- जकिया, आरएनआईइंका, भगवानपुर, 94.60 प्रतिशत
20- सिमरन कौर रैना, गइंका, देहरादून, 94.60 प्रतिशत

# लेफ्ट पाहा नहर कवरिंग कार्य में आड़े आ रहे अतिक्रमण को ध्वस्त करने की कार्यवाही शुरू

**अतिक्रमित क्षेत्र को खुद ही खाली करने में लगे स्थानीय लोग, एक सप्ताह के अंदर हटाना होगा अतिक्रमण**

किच्छा (उद संवाददाता)। लेफ्ट पाहा नहर की कवरिंग को लेकर अतिक्रमण के दायरे में आ रहे घरों और दुकान स्वामियों को सिंचाई खंड रुद्रपुर द्वारा नोटिस जारी कर अतिक्रमित भूमि को खाली करने का फरमान जारी किया है। नहर कवरिंग के दायरे में आ रहे मकान दुकानों की नाप जोख का उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, तहसीलदार गिरीश त्रिपाठी एवं जल संस्थान के अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता के संयुक्त अभियान में निशान वाली लेफ्ट पाहा नहर की कवरिंग का सरकार द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया था जिसके तहत डेढ़ किलोमीटर नहर कवरिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है जबकि 3 किलोमीटर नहर कवरिंग का कार्य अवशेष बचा हुआ है जिसमें दर्जनों की संख्या में लोगों द्वारा सिंचाई विभाग की भूमि पर अपने आशियाने बनाए हुए हैं। जिस वजह से नहर की चिन्हित किया था। जिसे आज पुनः राजस्व विभाग की टीम के साथ चिन्हित किया गया इस दौरान उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा एवं तहसीलदार गिरीश कुमार त्रिपाठी ने स्वयं मौके पर जाकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ नहर का अतिक्रमित क्षेत्र चिन्हित किया तथा आम जनता से अनुरोध किया कि सिंचाई विभाग के आला अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह स्वयं भी उक्त क्षेत्र को खाली करवायें ताकि नहर कवरिंग का कार्य पूर्ण कराया जा सके। इस दौरान तमाम स्थानीय लोगों का जमावड़ा भी लगा रहा जो चिन्हित क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने पर सहमत थे। कुछ लोगो द्वारा अतिक्रमण हटाने का कार्य भी शुरू कर दिया। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता विजयपाल ने बताया कि नहर के मध्य से दाएं और बाएं और 16 और 24 फीट





देही की गई तथा सभी अतिक्रमण कारियों को एक सप्ताह के अंदर अतिक्रमित क्षेत्र को खाली करने के निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि किच्छा शहर के बीचो-बीच बहने कवरिंग का कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही थी। सिंचाई विभाग के विजयपाल डॉ आस्क असिस्टेंट हरपाल, जिलेदार बची सिंह तथा नरेश कुमार द्वारा विगत दिनों नहर की नाप कर अतिक्रमण क्षेत्र विकास को देखते हुए तथा आम जनमानस की सुविधा हेतु नहर कवरिंग करने हेतु चिन्हित क्षेत्र को सप्ताह के अंदर खाली कर दें ताकि नहर कवरिंग का कार्य पूर्ण किया जा सके । नहर कवरिंग के कार्य हेतु जनता इंटर कॉलेज की दीवार का एक हिस्सा तथा जीबी पंत स्कूल की पूरी दीवार भी चिन्हित क्षेत्र में आ रही है । जिस पर उप जिलाधिकारी तहसील वास्तु मिश्रा ने स्कूल प्रबंधन तंत्र को निर्देशित किया कि क्षेत्र को अपने संसाधनों से हटाकर सही करे यदि वह नहीं कर पाते हैं तो नहर कवरिंग की जानी है इस दायरे में जो भी अतिक्रमित क्षेत्र होगा वह खाली कराया जाएगा । इसके पहले ही नोटिस जारी कर दिए गए हैं किंतु कुछ लोगों द्वारा इन नोटिसों पर संज्ञान नहीं लिया जा रहा था। जिस वजह से आज पुनः अतिक्रमित क्षेत्र को चिह्नित कर मौके पर ही लोगों को अतिक्रमित क्षेत्र को खाली करने की सूचना दे दी गई है। सप्ताह के अंदर अतिक्रमित क्षेत्र खाली नहीं किया गया तो तो ध्वस्त करने की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिसका खर्च भी संबंधित को देना पड़ेगा।

## खीमा जोशी मैमो इण्टर कालेंज ने बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

नानकमत्ता। उत्तराखण्ड बोड के परिक्षाफल में खीमा जोशी मैमोरियल सीनियर इण्टर कालेज ने क्षेत्र में अपना परचम लहराते हुये पांच छात्र छात्राओं ने मैरिट में स्थान प्राप्त किया है। विधालय के एमडी कैलाश जोशी ने बताया कि कालेज का



हाईस्कूल व इण्टर का परिक्षाफल षत प्रतिषत रहा है। कालेज के पांच छात्र छात्राओं ने हाण्ईस्कुल व इण्टर में टॉप स्थान हासिल किया है, जिसमें इण्टर में कृतिका पोखरिया ने 92 प्रतिषत अंक पाकर 20 वी रेंक हसिल की है, जबकि मानसी विश्ट ने 92 प्रतिषत पाकर 21 वी रेंक हासिल की है , वही रिया विष्ट ने 91 प्रतिषत करीब अंक पाकर 25 वी रेंक हासिल की है। हाईस्कूल की परिक्षा में नानकमत्ता की एलिना कुरैशी वुत्र नफीश अहमद ने 97 प्रतिषत अंक पाकर 12 वीं रेंक हासिल की है। सोनुं अटवाल पुत्र कैलाश चन्द्र नें 96 प्रतिषत अंक लाकर 18 वीं रेंक हासिल की है। सभी मैरिट में आने वालें बच्चों को विधालय के एमडी कैलाष जोषी समेंत अध्यक्षा चन्द्रा जोषी, प्रधानाचार्य दलजीत सिंह, महेष जोषी, उपप्रधानाचार्य पीयुष गुप्ता ने सभी बच्चों को बधाई दी है।

## पुष्पा प्रिंयका विधा मंदिर व एनपीएस ने बच्चों ने मारी बाजी

नानकमत्ता। उत्तराखण्ड बोर्ड की परिक्षा में क्षेत्र के कई स्कूलों के बच्चों ने टॉपर सुची में अपना नाम षामिल कर क्षेत्र के साथ अपने संस्थान का नाम रोषन किया है। पुष्पा प्रिंयका विधा मंदिर के 10 के छात्र मोहन नाथ गोस्वामी पुत्र हरीष नाथ गोस्वामी ने 28 वीं रेंक प्राप्त की है, जबकि नानकमत्ता पब्लिक स्कुल की स्नेहा खाती पुत्री दलीप सिंह खाती ने 32 वीं रेंक हासिल की है। पुश्पा प्रिंयका विधा मंदिर की छात्रा सुनीता जोषी पुत्री गोपाल दत्त जोषी ने 100 वी रेंक हासिल की है। वही पुश्पा प्रिंयका विधा मंदिर के सुमित तिवारी पुत्र लक्ष्मी दत्त तिवारी ने 110 वी रेंक हासिल की है। पुश्पा प्रिंयका विधा मंदिर की राधा जोषी पुत्री दया नन्द जोषी ने 143 वी रेंक हासिल कर स्कुल का नाम रोषन किया है। पुश्पा प्रिंयका विधा मंदिर के सुभम उपाध्याय, मोहन लाल ने मैरिट में नाम हासिल किया है। वही गुरू नानक गर्ल्स इण्टर कालेज की छात्रा ईषा भटट पुत्री सुरेष भटट ने इण्टर में 146 वी रेंक हासिल की है।

# वन विभाग के गश्ती दल पर लकड़ी तस्करों ने झोंका फायर

गूलरभोज। बैखोफ वन तस्करों ने वन गश्ती दल पर दिनदहाड़े फायर झोंक दिया। घटना में पाठल के हमले में एक वन कर्मी घायल हो गया। जबकी तस्कर फायरिंग करते हुए बाइक लेकर फरार हो गए। घायल का गदरपुर सीएचसी में इलाज चल रहा है। वहीं देर शाम डीएफओ शशि देव, रेंजर रूपनारायण गौतम व रेंजर मयंक मेहता द्वारा थाना गदरपुर में पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्यवाही करने की मांग प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब 11 बजे फॉरेस्टर अशोक गौतम, वन दरोगा योगेश चोपाड़ा, फॉरेस्ट गार्ड हरेन्द्र कुमार की अगुवाई में वन विभाग की टीम पड़किया, गदगदिया पश्चिमी वीट में कटान के चलते गश्त कर रहे थे। इसी बीच प्लॉट सं 89 में आठ बाइक में सागौन व खैर लाद कर करीब 15 लोग सामने से आते दिखाई दिए। रोकने पर





लकड़ी तस्करी में शामिल कुलदीप सिंह ने टीम पर दो राउंड फायर झोंक दिए। जिसमें वन आरक्षी विरेंद्र सिंह बालबाल बच गए। इस दौरान रोपण रक्षक जाने अली पर पाठल से हमले कर घायल कर दिया। बाद में तस्कर लकड़ी मौके पर छोड़ कर फायरिंग करते हुए बाइक लेकर फरार हो गए। वन कर्मी राजेंद्र सिंह की ओर से कुलदीप सिंह पुत्र परमजीत सिंह, जयपाल, जसविंदर सिंह पुत्र जग्गा सिंह, अन्नी, कुलवंत समेत 15 लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। वहीं देर शाम वन विभाग के उच्च अधिकारियों ने भी गदरपुर थाने में पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की

## सितारगंज के महरोज की हाईस्कूल में 22वीं रैंक

सितारगंज(उद संवाददाता)। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र महरोज ने हाईस्कूल की परीक्षा में 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने प्रदेश में 22 सी रैंक प्राप्त की है जिससे परिजनों और विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। मेहरोज ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। मेहरोज सिविल सेवा के माध्यम से आमजन की सेवा करना चाहते है। नगर के होली चिल्ड्रन स्कूल के निकट रहने वाले शाहरोज अहमद के पुत्र मेहरोज ने हाई स्कूल की परीक्षा में 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर प्रदेश में 22वीं रैंक हासिल की है। इसके बाद उनके



परिवार में खुशी का माहौल है। मेधावी छात्र मेहरोज के बेहतर प्रदर्शन के बाद विद्यालय परिवार ने मिष्ठान खिलाकर बधाई दी। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि मेहरोज ने बिना कोचिंग के जरिए प्रदेश में 22 वीं रैंक हासिल की है। मेहरोज ने अपनी सफलता का श्री माता-पिता और गुरुजनों को दिया है।

## नाम बदलकर पैसा निकालने बैंक पहुंचे महिला पुरुष को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। नाम बदलकर पैसा निकालने बैंक पहुंचे महिला पुरुष को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । शाखा प्रबंधक की तहरीर पर धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा कायम किया है । बताते हैं जिस नाम से वह पैसा निकालने गए थे उस महिला की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है । थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत ने बताया सोमवार को जाफरपुर स्तिथ ग्रामीण बैंक में एक महिला व पुरुष पहुंचे महिला ने अपना नाम हरवंश कौर पत्नी अवतार सिंह निवासी रायपुर बताते हुए पैसे निकालने चाहे । जिस पर शाखा प्रबंधक को शक होने पर पता चला कि जिस महिला के नाम से पैसा निकालने की बात कही जा रही है उसकी पूर्व में मौत हो चुकी है । शाखा प्रबंधक साक्षी गोस्वामी की तहरीर पर पुलिस ने नानकमत्ता निवासी हरकेवल सिंह व एक महिला को हिरासत में लिया । दोनों पर धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा कायम कर न्यायालय में पेश किया ।

## शहर में मच्छरों का प्रकोप, छोटे बच्चे बीमार

सितारगंज(उद संवाददाता)। शहरी क्षेत्र में इन दोनों मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। जहरीले मच्छर आमजन को डंक मार रहे हैं। मच्छरों के काटने से छोटे बच्चों की सेहत पर विपरीत असर पड़ रहा है। नगर पालिका प्रशासन ने मच्छरों के खात्मे के लिए वार्डो में पूर्व से फॉगिंग, ब्लीचिंग पाउडर छिड़कने का अभियान शुरू कर दिया है। अब विभाग स्प्रे की तैयारी में जुटा है। नगरीय क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में इन दोनों जहरीले मच्छरों का प्रकोप बना हुआ है। जगह, जगह खाली प्लाट में पानी जमा होने से मच्छरों का पूरी तरह खात्मा नहीं हो पा रहा है। जहरीले मच्छरों के काटने से सबसे अधिक छोटे बच्चों के अस्वस्थ होने की संख्या बढ़ रही है। सरकारी अस्पताल में अधिकांश छोटे बच्चे बुखार आदि संक्रमण से ग्रसित होकर पहुंच रहे हैं। सरकारी अस्पताल की प्रभारी डॉक्टर अभिलाष पांडे ने बताया कि अभी तक डेंगू रोगी अस्पताल में नहीं पहुंचा है। लेकिन छोटे बच्चों में बुखार आदि के लक्षण संभवत मच्छरों के काटने से पनप रहे हैं। नगर पालिका के ईओ नौशाद हसीन ने बताया कि मच्छरों का सफाया करने के लिए एक माह पूर्व ही नगर के 13 वार्डों में सफाई अभियान और फागिंग अभियान शुरू कर दिया गया था।

# यूनाइटेट इंश्योरेंस कंपनी दस लाख 69 हजार का भुगतान करने के आदेश

बागेश्वर (उद संवाददाता)। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने यूनाइटेट इंश्योरेंस कंपनी को वाहन स्वामी को दस लाख, 69 हजार का भुगतान करने के आदेश दिए हैं। साथ ही 20 हजार मानसिक वेदना तथा दस हजार वाद व्यय भी कंपनी को देना हेगा। अनुचित व्यावहार करने पर 50 हजार का अर्थदंड भी लगाया है। घटनाक्रम के अनुसार मार्च 2018 को एक वाहन सोमेश्वर के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में एक व्यकति की मौत हो गई थी। जिसे पुलिस ने चालक के केबिन से निकाला। घटना के बाद वाहन स्वामी सुबोध लाल साह ने यूनाइटेड इंडिया इंसोरेंस कम्पनी में क्लेम किया गया। मृत व्यक्ति को विमित वाहन का चालक बताया गया, जबकि दो दिन बाद चालक दूसरा बताया गया। बीमाा कंपनी ने इस पर आपत्ति जताकर क्लेम को निरस्त कर दिया। इसकी सूचना फरियादी तक को नहीं दी गई। वाहन स्वामी ने मामले को उपभोक्ता आयोग में डाल दिया। सोमवार को आयोग के अध्यक्ष रमेश कुमार जायसवाल व सदस्य हंसी रौतेला ने दोनों पक्षों को सुना व पत्रावलियों को अवलोकन किया। इसके बाद आयोग ने कपंनी को फरियादी को दस लाख, 69 हजार का पोषित करने की तिथि से छह प्रतिशत वार्षिक व्याज की दर से भुगतान करने के आदेश दिए। साथ ही 20 हजार मानसिक वेदना पुंचाने तथा दस हजार वाद व्यय के भी देना होगा। जिला आयोग ने विपक्षी को अनुचित व्यावार व अनुश्रवण करके लिए 50 हजार का अर्थदंड भी लगाया है। आदेश का अनुपालन निर्धारित समय पर नहीं करने पर विपक्षी को धारा 71/ 72 के तहत वसूली व जप्ती की कार्रवाई की

# नदी में नहाते समय डूबने से बाराती युवक हुआ बेहोश

बागेश्वर। गर्मियों में लोग नदी किनारे गर्मी से निजात के लिए नदियों में नहाने चले जाते हैं, पर कई लोगों को नदियों में तैराकी का शौक महंगा पड़ जाता है, जबकि जिन लोगों को कम तैराकी आती है वे गहरे तालाब में नहाने से अपनी जिंदगी को खतरे में डाल देते हैं, प्रतिवर्ष कई बच्चे युवा नदियों में डूबने से काल का ग्रास बन जाते हैं।हरसीला के समीप सरयू नदी में नहाते समय एक बाराती नदी में डूबने लगा। उसके साथ नहा रहे अन्य साथियों ने उसे डूबते देख बमुश्किल बाहर निकाला और जिला अस्पताल भर्ती किया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। चिकित्सकों के अनुसार युवक के फेफड़ों में पानी भर गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।भटखोला से सोमवार हरसीला बारात गई थी। जिसमें 31 वर्षीय गौरव पंत पुत्र मदन मोहन पंत भी शामिल था। वह अपने साथियों के साथ सरयू नदी किनारे में नहाने लगा। तालाब अधिक गहरा होने के कारण वह डूबने लगे। साथियों और बारात में आए घरातियों को इसकी सूचना मिलने पर ने उन्हें बमुश्किल नदी के पानी से बाहर निकाला। बेहोशी की हालत में उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने भारी मशक्कत की। उसके पेट में भरे पानी का निकाला। जिससे उसकी स्थिति सामान्य होने लगी। उसे तत्काल हायर सेंटर रेफर किया गया। 108 के माध्यम से उसे हायर सेंटर भेजा गया। जिला अस्पताल की डॉ. रजनी ने बताया कि युवक की हालत गंभीर है। उसके फेफड़ों में पानी भरा हुआ है। जिसके कारण उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। इधर, परिजनों ने 108 सेवा देर से आने पर आक्रोश व्यक्त किया। उन्हें एंबुलेंस के लिए आधा घंटा रुकना पड़ा। उन्होंने व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभव:-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, शक्राणुओं की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी । डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289, 7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।

# यातायात नियमों का पालन न करने वालों पर सख्ती से कार्यवाही करें : वर्मा

चंपावत(उद संवाददाता)। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक प्र. जिलाधिकारी हेमंत कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभगार में संपन्न हुई। सड़क सुरक्षा समिति की आयोजित बैठक की कार्यवाही के संबंध में प्र.जिलाधिकारी द्वारा सम्बंधित विभागों से जानकारी ली गई। बैठक के दौरान प्र.जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क हादसों की रुरोकथाम जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और इसके लिए सभी संबंधित विभाग प्रवर्तन की कार्यवाही कर इसमे कमी लाए। साथ ही उन्होंने अभियान चलाए जाने व लोगों, वाहन चालको को सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी देकर रुजागरूकता करें। प्र.जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में वाहन दुर्घटनाओं को शून्य किए जाने हेतु ओवरलोडिंग, ओवर स्पीड, भार वाहनों में यात्री ढोने, वाहन संचालन के दौरान मोबाइल फोन का प्रयोग करने, नशे की हालत में वाहन संचालन, हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग न करने तथा यातायात के नियमों का पालन न करने वालों की तत्काल रुचालान की कार्यवाही की जाए तथा सभी थाना चौकिया के रुसीसीटीवी कैमरे व तकनीकी माध्यम से भी चालान किया जाए। बैठक में संभागीय परिवहन अधिकारी सुरेंद्र कुमार द्वारा परिवहन एवं पुलिस विभाग द्वारा वर्तमान तक जिले में की गई प्रवर्तन की कार्यवाही एवं वाहन दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। उन्होंने अवगत कराया कि जनपद में वाहन दुर्घटनाओं में गत वर्ष की तुलना में कमी आई है। उन्होंने बताया कि ओवरलोडिंग, ओवर स्पीड, भार वाहन में यात्री ढोने पर, वाहन संचालन के दौरान मोबाइल प्रयोग करने पर, नशे की हालत में वाहन संचालन, हेलमेट एवं बेल्ट का प्रयोग न करने पर लगातार चालान किये गए हैं। बैठक में उपजिलाधिकारी सदर सौरव असवाल, सीओ शिवराज सिंह राणा, ईई लोनिवि एमसी पलाडिया, एआरटीओ सुरेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने जारी किया 14 भर्तियों का परीक्षा कैलेंडर

हरिद्वार। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग पीसीएस प्री परीक्षा सात जुलाई को कराएगा। आयोग ने ऐसी ही 14 भर्ती परीक्षाओं का कैलेंडर जारी कर दिया है। पुलिस कांस्टेबल भर्ती की प्रक्रिया मई महीने से शुरू होने जा रही है। आयोग सचिव गिरधारी सिंह रावत की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, उच्च शिक्षा विभाग में प्रयोगशाला सहायक भर्ती की मुख्य परीक्षा सात व आठ मई को होगी। चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में औषधि निरीक्षक ग्रेड-दो परीक्षा 19 मई को होगी। गृह विभाग में प्रयोगशाला सहायक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला परीक्षा 26 मई को होगी। कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग में राजकीय आईटीआई प्रधानाचार्य परीक्षा 27 जून को, पीसीएस प्री परीक्षा सात जुलाई को, आईटीआई में कार्यदेशक, सर्वेयर शिशिक्षु फोरमैन अनुदेशक भर्ती मुख्य परीक्षा 31 जुलाई से शुरू होगी। इसके अलावा राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य सीमित विभागीय परीक्षा 29 सितंबर को होगी। कई विभागों में अन्वेषक कम संगणक, सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती छह अक्तूबर को होगी। सचिवालय प्रशासन, लोक सेवा आयोग एवं राजस्व परिषद के अंतर्गत समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा छह अक्तूबर को होगी। अपर निजी सचिव भर्ती के तहत शॉर्टहैंड व टाइपिंग आदि परीक्षा अक्तूबर से शुरू होगी। पीसीएस मुख्य परीक्षा 16, 17, 18 व 19 नवंबर को होगी। गृह विभाग के अंतर्गत ज्येष्ठ वैज्ञानिक सहायक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला समूह-ख परीक्षा 22 नवंबर को होगी। पुलिस विभाग में कांस्टेबल भर्ती की शारीरिक परीक्षा मई से शुरू होगी। 15 दिसंबर को मुख्य कांस्टेबल व गुल्मनायक के लिए मुख्य परीक्षा होगी। 29 दिसंबर अग्निशमन द्वितीय अधिकारी मुख्य परीक्षा होगी। पुलिस दूरसंचार विभाग में पुलिस उपाधीक्षक मुख्य परीक्षा 18 दिसंबर को होगी। अपर निजी सचिव परीक्षा का विज्ञापन अभी जारी होना बाकी है। आयोग सचिव के मुताबिक, यह सभी तिथियां प्रस्तावित हैं। इनमें बदलाव भी हो सकता है।

# छापेमारी कर 19 लोगों को बिजली की चोरी करते पकड़ा

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र में आये दिन विद्युत चोरी की घटनाये बढ़ती जा रही है। बिजली विभाग की विजिलेंस टीम ने नगर व ग्रामीण क्षेत्र में छापेमारी कर 19 लोगों को बिजली की चोरी करते रंगेहाथ पकड़ा है। विभाग की ओर से थाने में दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने कूल्हा निवासी किशन सिंह, जसपाल सिंह, मुखत्यार सिंह, ललपुरी निवासी दलवीर सिंह, भूपाल सिंह, कूल्हा ललपुरी निवासी राजेन्द्र सिंह, कलम सिंह, लीला रावत, मंजू देवी, अनिता रावत के अलावा नगर के वार्ड आठ निवासी पुष्पा देवी, मंजीत सिंह, तरुण सिंह, रामाआशिष, कमला जोशी, बलविंदर सिंह, अर्जुनपुर मार्ग निवासी सुमित मंडल व मुख्य चौराहा निवासी पूजा सिंह के खिलाफ 135 विद्युत अधिनियम में केस दर्ज किया है।

# कम्पनी की महिला चिकित्सक पर हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत सायं कम्पनी से ड्यूटी समाप्त कर स्कूटी से घर वापस लौट रही महिला चिकित्सक पर बाईक सवार युवको ने डंडे से हमला कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में शैव्या अरोरा ने कहा है कि वह अशोक लिलैंड, पंतनगर में बतौर कम्पनी डाक्टर के पद पर कार्यरत है। 27 अप्रैल की सायंअपना कार्य पूरा करने के बाद अशोक लिलैंड मेन गेट से अपनी स्कूटी संख्या यूके 18एन 5553 से अपने निवास स्थान बिगवाड़ा के लिए निकली । जब वह साइबर सेल के पास से गुजर रही थी तभी किसी ने उसकी पीठ पर जोर से प्रहार किया । उसे दो लडके बिना हेलमेट के आगे जाते दिखे। जिसमें पीछे वाले के हाथ में डंडा था और उसने ही उस पर अज्ञात कारणों से वार किया था । आगे जाकर उनका डंडा बैरीयर से टकराया एवं वही गिर गया । जिसे चीता पैट्रोल ने उठा लिया एवं उनका पीछा किया पर वह पकड में नहीं आये । पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चाकू के साथ बदमाश गिरफ्तार

काशीपुर। आपराधिक वारदात को अंजाम देने की नियत से चहलकदमी कर रहे एक बदमाश को पुलिस ने शक के आधार पर दबोचकर तलाशी में उसके कब्जे से चाकू बरामद किया। आवश्यक पूछताछ के बाद गिरफ्तार बदमाश का पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत चालान कर दिया गया। पता चला है कि मंडी चौकी में तैनात अपर उप निरीक्षक दीपक चौहान कांस्टेबल त्रिलोक सिंह के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे इसी दौरान मल्होत्रा फॉर्म की ओर जाने वाले मार्ग पर संदिग्ध हालत में चहल कदमी कर रहे एक युवक को पुलिस ने शक के आधार पर रोक लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम ग्राम बैलजोड़ी थाना कुंडा निवासी राजा पुत्र शौकत बताया। तलाशी में उसके कब्जे से पुलिस को एक चाकू बरामद हुआ। पूछताछ के बाद पकड़े गए बदमाश का पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत चालान करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया।

# नानकमत्ता नगर पंचायत में मच्छरों का प्रकोप

## प्रशासन को जल्द छिड़काव कराना चाहिए- टुरना

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नगर पंचायत नानकमत्ता में मच्छरों के प्रकोप से बचने के कोई इंतजाम नही है। छिड़काव करने वाली एक फोगिंग मशीन वो भी खराब है। जिससें क्षेत्र में मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों का संकट पैदा हो गया है। वही नगर पंचायत छिड़काव के नाम पर खानापुर्ति करता नजर आ रहा है।नगर पंचायत नानकमत्ता पिछले पांच माह से प्रशासक के हवाले है। जिसमें बतौर एसडीएम प्रशासक तैनात है।, लेकिन क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के प्रति प्रशासन और नगर पंचायत के अधिकारियों को कोई ध्यान नही है। गर्मियों का मौसम आ गया है, ऐसे में मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। नगर की कई नालियां चौक पड़ी है। साफ सफाई न होने से मच्छरों ने जीना दुभर कर दिया है। ऐसे में नगर पंचायत वासियों को उम्मीद थी कि नगर पंचायत मच्छरों के प्रकोप से बचाने के लिए दवाई का छिड़काव कराएंगी। नगर पंचायत में एक फोंगिग



मशीन है, जिसें कुछ दिन पूर्व कर्मचारियों ने चलाने का प्रयास किया लेकिन कुछ ही देर में मशीन दम तोड़ गई। ऐसे में नगर पंचायत वासियों को मच्छरों के प्रकोप से राहत मिलने की उम्मीद कम दिखाई दे रही है। नगर पंचायत के निर्वतमान चौयरमेन प्रेम सिंह टुरना ने कहा कि प्रशासन को क्षेत्र में मच्छरों की रोकथाम व बीमारियों से बचाने के लिए दवाई का छिड़काव कराया जाना चाहिए। अगर प्रशासन व नगर पंचायत छिड़काव नही कराती है तो नगर में कई बीमारियों के पनपने की संभावना है। ऐसे में प्रशासन व नगर पंचायत की लापरवाही नगर पंचायत वासियों पर भारी पड़ेगी। उन्होंने जल्द प्रशासन ने क्षेत्र में छिड़काव करने की मांग की। वहीं नगर पंचायत की अधिशाशी अधिकारी प्रियंका रैंकवाल ने दावा किया कि नगर पंचायत नानकमत्ता के सभी 7 वार्डो में मच्छरों की रोकथाम के लिए रोजाना दवाई का छिड़काव किया जा रहा है। फोगिंग मशीन खराब हो गई थी जिसे सही कराकर छिडकाव हो रहा है। हालांकी अधिकारी का येदावा कितना सत्य है, इसको लेकर भी उनके दावे पर शंका हो रही है।

# बाजपुर में हुए खूनी संघर्ष में तीन गिरफ्तार

बाजपुर। पुलिस ने खनन को लेकर दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त किया गया एक तमंचा बरामद किया गया है। रविवार को कोसी नदी दाबका पार में काशीपुर के गांव गुलजारपुर और बाजपुर के गांव गोबरा नई बस्ती में खनन कारोबारियों में विवाद हो गया था। इस दौरान कुछ लोगों ने तमंचे से हवाई फायरिंग की थी। एक पक्ष के भजन की तहरीर पर पुलिस ने तीन नाम और 20 से 25 अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। सोमवार को कोतवाली में काशीपुर एसपी अभय कुमार सिंह ने बताया कि खूनी संघर्ष के मामले में टीम गठित की गई थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने जैतपुर मोड़ के पास विवाद और फायरिंग करने वाले तीन आरोपियों को पकड़ लिया।



आरोपियों की पहचान गुरुचरन सिंह उर्फ गुरजंट, मंजीत सिंह और जगमोहन उर्फ सोना निवासी गुलजारपुर काशीपुर के रूप में हुई। तलाशी लेने पर जगमोहन के पास से तमंचा बरामद हुआ। जल्द ही अन्य आरोपी भी गिरफ्त में होंगे। एसपी ने बताया कि मामले में नामजद और अन्य आरोपियों का अपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। रिकॉर्ड के आधार पर आरोपियों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की जाएगी।

# कोलम्बस स्कूल में शिक्षकों के लिए कार्यशाला का आयोजन

## बच्चों की शैक्षणिक प्रगति के लिए अभिभावकगणों की सहभागिता अहम : शिखा






रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मॉडल कॉलोनी स्थित शहर के प्रतिष्ठित कोलम्बस पब्लिक स्कूल में सीबीएसई क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून के सौजन्य से शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत' अभिभावकों को शिक्षा के बारे में शिक्षित करना' विषय पर आज एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता पधारी लिटिल स्कॉलर्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, काशीपुर की प्रधानाचार्या श्रीमती शिखा गौतम का विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार खेड़ा ने दुशाला ओढ़ाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर औपचारिक स्वागत किया। तत्पश्चात् दीप प्रज्ज्वलन के साथ विद्यालय के गायन समूह के छात्र -छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति देकर कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। एक दिवसीय इस कार्यशाला में बाजपुर, गदरपुर, किच्छा, सितारगंज व रूद्रपुर सहित विभिन्न शहरों के सीबीएसई से सम्बद्ध विद्यालयों के 60 शिक्षक- शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में उक्त विषय से सम्बन्धित कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गई साथ ही विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से क्षमता संवर्द्धन के विभिन्न गुर सिखाए गए। एक दिवसीय इस कार्यशाला के दौरान क्षमता संवर्द्धन की महत्ता एवं स्कूली शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। कार्यशाला की मुख्य वक्ता श्रीमती शिखा ने अपने उद्बोधन में व्यावसायिक व कौशल शिक्षा की उपयोगिता तथा क्षमता संवर्द्धन के विभिन्न पहलुओं के साथ- साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर विस्तृत चर्चा करते हुए छात्रहित में उनकी महत्ता पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि नई शिक्षा नीति के महत्वपूर्ण बदलावों के सम्बन्ध में अभिभावकगणों को अवगत कराना नितांत आवश्यक है। कार्यशाला के दौरान प्रधानाचार्य मनोज कुमार जी ने अपने उद्बोधन में उक्त प्रकरण पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए इसे वर्तमान में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति बताया साथ ही वर्तमान शिक्षा प्रणाली में नित नए अभूतपूर्व बदलाव छात्रगणों के सर्वांगीण विकास के लिए मील का पत्थर साबित होंगें। कार्यशाला के अंत में विद्यालय की उपप्रधानाचार्या डॉ0 कामेश मित्तल ने कार्यशाला को सफल बनाने के लिए मुख्य वक्ता श्रीमती शिखा व उपस्थित सभी प्रतिभागियों की सराहना की।

# गुरु तेग बहादुर का श्रद्धा भावना से मनाया प्रकाश पर्व



गदरपुर(उद संवाददाता)। देश और धर्म की खातिर दिल्ली के चांदनी चौक में अपना बलिदान देने वाले श्री गुरु तेग बहादुर जी के प्रकाश पर्व पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए । नजदीकी ग्राम केसरपुर के गुरुद्वारा सिंह सभा में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भाई मोहन सिंह द्वारा अरदास एवं स, अमरजीत सिंह द्वारा हुकमनामा सुनाकर किया गया।इस दौरान संगत द्वारा शब्द कीर्तन एवं केक काटने के साथ प्रसाद वितरण किया गया।सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आयोजक देवेंद्र सिंघ ने बताया कि गुरु तेग बहादुर जी का जन्म श्री अमृतसर में पिता गुरु हरगोबिंद साहिब जी एवं माता नानकी जी के परिवार में हुआ। धार्मिक शिक्षा दीक्षा के उपरांत करतारपुर की जंग में इनके द्वारा दुश्मन का मुकाबला करते हुए जीत हासिल की तो पिता ने इनका नाम त्यागमल से बदलकर तेग बहादुर कर दिया गुरु गद्दी पर बैठने के उपरांत क्षेत्र में धर्म प्रचार करते हुए वे पूर्व देशों की यात्रा पर गए जहां आसाम के दो राजाओं का विवाद सुलझा कर उनमें समझौता कराया जहां आज गुरुद्वारा ध ोबड़ी साहब स्थापित है गुरु गोविंद सिंह की जन्मस्थली पटना साहिब से होकर वे पंजाब पहुंचे जहां आनंदपुर साहिब नगर बसाया । कश्मीर के पंडितों की फरियाद पर औरंगजेब के धर्म तब्दीली के फरमान से निजात दिलाने के लिए दिल्ली पहुंचकर अपनी शहादत दी जहां आज गुरुद्वारा शीशगंज स्थित है। इससे पूर्व भाई मतिदास,सती दास एवं दयाला जी द्वारा भी अपनी शहादत दी गई,उनकी शहादत से देश में एक जागृति पैदा हुई जिससे जुल्म एवं भय का शासन कर रहे मुगल राज्य का अंत करने के लिए लोगों को भय मुक्त शासन की आवश्यकता हुई।गुरू बहादुर जी के प्रकाश दिवस पर संगत ने एक दूसरे को शुभकामनाएं प्रदान कीं। इस मौके पर अंमृत कौर,परमजीत कौर, गगनदीप कौर, बलजीत कौर,रजवंत कौर, मनजीत कौर,परमजीत कौर, मनप्रीत कौर, हरगुन, गुरजोत, रबदात सिंह, कीरत, सीरत, गुरलीन, कुलवंत कौर,बलदीश कौर, अगम कौर, गुरजस, इश्मन, जगपरीत कौर, हरलीन, हर्षदीप कौर, सीमा, रोहन, अंतरा, गुरसीरत, बल जीत कौर रजवंत कौर, गुरजीत, गुरुसिमर सहित तमाम संगत शामिल रही ।

# रिटायर पिता पर बेटी के साथ अश्लील हरकत करने का आरोप



हल्द्वानी। बच्ची की मां ने आरोपी पिता के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने बच्ची का मेडिकल कराकर आरोपी पिता के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। जिस तरह की खबरें आजकल सामने आ रही हैं, उससे तो ये लगता ही घोर कलयुग का समय वाकई में शुरू हो चुका है। क्यूंकि जिस बेटी को पिता ने पैदा किया है वो ही उसे गन्दी नजरों और गन्दी सोच से देख रहा है। अपने ही घर में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। बीते दिन ही ऋषिकेश से एक हैवान पिता की खबर आई थी जिसमें बेटी की माँ ने भी पति का साथ दिया और अब ये एक नई खबर हल्द्वानी से, इस कलयुग में रक्षक ही भक्षक बन रहे हैं। टीपी नगर थाना क्षेत्र एक महिला ने अपने पति पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी है कि वह उसकी 15 वर्षीय बेटी के साथ अश्लील हरकत करता था। बेटी कई बार इस बात का विरोध कर चुकी के लेकिन वह नहीं माना जिसके बाद बेटी ने अपनी माँ को पूरी घटना के बारे में बताया। बेटी की माँ ने पुलिस को बताया कि उसके ड्यूटी चले जाने के दौरान उसका पति अपनी ही 15 वर्षीय बेटी के साथ अश्लील हरकत किया करता है और जब महिला ने आरोपी पति को पूछा तो उसने के साथ मारपीट की। बेटी ने यह भी बताया की पूर्व में आरोपी उसके साथ कई बार छेड़छाड़ कर चुका है। कोतवाल उमेश मलिक ने बताया पत्नी की तहरीर पर पिता के खिलाफ पॉक्सो में मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच एसआई बबीता को सौंपी गई है। आरोपी कृषि विभाग से सेवानिवृत्त हो चुका है।

# नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एस एस कलेर का किया स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता)।28 मार्च दिन रविवार को (आप) कार्यकर्ता शकील अहमद के कार्यालय पर आम आदमी पार्टी की एक मीटिंग हुई जिसमें



नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का शकील अहमद एवं कार्यकर्ताओं द्वारा एस एस कलेर का भव्य स्वागत किया। वही नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने मीडियाकर्मियों से प्रेस वार्ता में बताया कि गदरपुर पालिका में आगामी नगर पालिका के चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को संगठन को आगे बढ़ाने वार्डों में जाकर के नुक्कड़ सभाएं करने, नगर के पूरे वार्डों में चुनाव लड़ने और जीतने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को मंत्र दिया एवं पूरे विधानसभा में संगठन को बढ़ाने के लिए हर रोज मेहनत करने के लिए कहा। वहीं वरिष्ठ नेता सुभाष व्यापारी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष का गदरपुर पहुंचने पर स्वागत करते हुए कहा कि एस एस कलेर के नेतृत्व आम आदमी पार्टी मजबूत हुई है। वही शकील अहमद के द्वारा भी सभी का स्वागत करते हुए कहा कि गदरपुर क्षेत्र में आम आदमी पार्टी को मजबूती के साथ खड़ा किया जाएगा। इस मौके पर नव नियुक्त प्रदेश सचिव कुलवंत सिंह का भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव डीएस कौटिल्य, भूतपूर्व जिला अध्यक्ष सरदार जसपाल, सुभाष व्यापारी, डीएस कोटिलया प्रदेश महामंत्री, दया किशन कलोनी पूर्व जिला पंचायत सदस्य उधम सिंह नगर, शकील अहमद, सिराज, अर्जून, सलीम बाबा,परविंदर सिंह, फरमान अली पेंटर सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उत्पीड़न से आजिज आकर खाया जहर

## विवाहिता को प्रताड़ित करने का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, चार फरार

काशीपुर(उद संवाददाता)। ससुरालियों की प्रताड़ना से हुई विवाहिता की मौत मामले में कुंडा पुलिस ने फरार चल रहे मुख्य अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। कार्यवाही करने वाली टीम में शामिल एस आई मनोज धोनी ने बातचीत के दौरान मोबाइल फोन पर बताया कि मामले में फरार चल रहे चार अन्य अभियुक्तों की धर पकड़ के लिए प्रयास जारी हैं जल्द ही उन्हें भी सलाखों के पीछे किया जाएगा। बता दें कि कुंडा थाना क्षेत्र की गंगापुर रकबा निवासी गंगाराम ने वर्ष 2021 में अपनी 26 वर्षीय पुत्री कंचन उर्फ शीलू का विवाह गली नंबर 2, हनुमान मूर्ति देहरी गांव कटघर जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी राजकुमार पुत्र कलुआ के साथ धूमधाम से किया। पति की सोहबत से विवाहिता ने एक पुत्री को जन्म दिया जो अब 2 वर्ष की है। आप है की शादी के कुछ समय ठीक-ठाक बीते लेकिन इसके बाद पति राजकुमार, जेठ अनिल कुमार, सास कलावती तथा नंदोई विवाहिता को दो लाख की नगदी तथा चार पहिया गाड़ी के लिए बुरी तरह प्रताड़ित करने लगे। विगत सप्ताह भर पूर्व उपरोक्त आरोपियों ने विवांता की बुरी तरह पिटाई की। उसकी अश्लील फोटो वीडियो बनाकर सभी आरोपियों से ब्लैकमेल करने लगे ।इसी से तंग आकर विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत नाजुक होने पर उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बीते 24 अप्रैल को जीवन मृत्यु से संघर्ष करते हुए विवाहिता ने दम तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आध ार पर उपरोक्त सभी आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किया लेकिन उपरोक्त सभी आरोपी कानून की आंख में धूल झोंककर फरार चल रहे थे। मामले के मुख्य आरोपी विवाहिता के पति राजकुमार पुत्र कलुआ को पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर दबिश देकर उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। कार्यवाही के दौरान पुलिस ने अभियुक्त के घर से घटना में प्रयुक्त मोबाइल भी बरामद किया है। कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम एस आई मनोज धोनी तथा कांस्टेबल कुंदन शामिल रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने सोमवार को अधिकारियों के साथ स्ट्रांग रूम बगवाड़ा मंडी का निरीक्षण किया व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम सहित पूरे परिसर निरीक्षण किया। उन्होने स्ट्रांग रूम परिसर में तैनात सुरक्षा कर्मिकों को 24 घंटे सजग रहने के साथ बिना अनुमति के किसी भी व्यक्ति को स्ट्रांग रूम परिसर में प्रवेश कतई न करने के निर्देश दिये। स्ट्रांग रूम परिसर पर पैनी नजर रखने के लिये 04 पुलिस वॉच टावर बनाये गये है, जिसमे सुरक्षा बल तैनात पाये गये। जिला निर्वाचन अधि कारी ने स्ट्रांग रूम पर 24 घंटे पैनी नजर रखने हेतु लगाये गये सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम में तैनात अधिकारियों को सीसीटीवी पर नजर बनाये रखते हुये उसके स्टोरेज व पॉवर ब्रेकप पर भी ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होने कहा ड्यूटी पर तैनात अधिकारी बिना प्रतिस्थानी के कन्ट्रोल रूम कतई नही छोड़ेगें। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधि कारी मनीष कुमार, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर डॉ0 अमृता शर्मा आदि मौजूद थे।





# नाबालिक गुमशुदा को दो घंटे में बरामद कर परिजनों को सौंपा



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मंगल पड़ाव चौकी पुलिस ने गुमशुदा हुए बच्चे को दो घंटे में सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार आसमा निवासी लाइन नंबर 12 बनभूलपुरा ने मंगल पड़ाव चौकी में आकर सूचना दी कि उनका 6 वर्षीय पुत्र मंगल पड़ाव सब्जी मंडी में खरीददारी करते वक्त कही गुम हो गया है। सूचना मिलते ही दिनेश चंद्र जोशी, प्रभारी चौकी मंगल पड़ाव व पुलिस टीम द्वारा मंगल पड़ाव के सभी संभावित क्षेत्रों में खोजबीन शुरू कर दी गई तथा आसपास के सभी सीसीटीवी कैमरे चेक करवाए गए। काफी तलाश के बाद पुलिस ने मात्र 2 घंटे के भीतर ही गुमशुदा बच्चे की तलाश कर ली। पुलिस टीम ने गुमशुदा को सकुशल बरामद कर उसके परिजन के सुपुर्द किया गया। बच्चे के परिजन ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# सफाई व्यवस्था चौपट, जगह जगह लगा कूड़े के अंबार

## नगर पालिका बोर्ड भंग होने के बाद से सफाई व्यवस्था एवं स्ट्रीट लाइटों पर लगा ग्रहण






रामनगर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत का कार्यकाल पिछले वर्ष 1 दिसंबर को समाप्त होने के उपरांत इन सभी स्थानों पर 2 दिसंबर को प्रशासक के रूप में संबंधित शहरों के एसडीएम को प्रशासक के तौर पर नियुक्त किया गया था, जिसके चलते रामनगर में भी नगर पालिका में प्रशासक का कार्यभार एसडीएम राहुल शाह द्वारा संभाला गया था। उन्होंने कहा था कि प्रत्येक वार्ड में नगर पालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक आहुतकर वार्ड वासियों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान किया जाएगा । लेकिन आज 4 माह से ज्यादा समय बीतने के बाद भी नगर के सभी वार्डों में नगर पालिका से संबंधित समस्याएं लोगों का जी का जंजाल बन चुकी है ना तो प्रशासक द्वारा कोई बैठक आयोजित की गई और ना ही लोगो की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया गया। चार माह से अधिक समय बीतने के बाद भी अगर देखा जाए तो नगर के कुछ इलाकों की सफाई व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है तो वही कई बिजली के पोलो पर लंबे समय से स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी है। इसके साथ ही गर्मी का मौसम जहां एक और शुरू हो चुका है तो वही मच्छरों से फैलने वाली संक्रामक बीमारी फैलने का भी खतरा बना हुआ है,लेकिन मच्छरों से निजात दिलाने को लेकर अभी तक कीटनाशक दवा छिड़काव को लेकर भी कोई योजना तैयार नहीं की गई है। नगर के लोगों का कहना है कि आज यदि वह अपने क्षेत्र के सभासद से समस्या के समाधान की मांग करते हैं तो सभासदों द्वारा साफ तौर पर कहा जाता है कि कार्यकाल समाप्त होने के बाद अब उनकी भी कोई सुनवाई नहीं है। मामले में नजाकत अली का कहना है कि उनके वार्ड में पिछले कई दिनों से कूड़ा उठाने वाला वाहन नहीं आ रहा है। शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि आज हमारे वार्ड में सभासद होते तो इन समस्याओं का समाधान हो सकता था। उन्होंने कहा कि प्रशासक द्वारा भी अभी तक कोई सुध नहीं ली गई है। सफाई व्यवस्था का यह हाल है की नालियां पूरी तरह चौक हो चुकी है और नाली के कीड़े अब घरों में आने के साथ ही दुर्गंध से भी बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। वही नगर पालिका के पूर्व सभासद तनुज दुर्गापाल ने भी आरोप लगाते हुए कहा कि बोर्ड की लास्ट बैठक में शहर के विकास को लेकर कई प्रस्ताव पास किए गए थे जिसमें नगर को रोशन करने के लिए 1000 स्ट्रीट लाइट पास की गई थी। इसके अलावा भी कई अन्य प्रस्ताव पास किए गए थे। उन्होंने कहा कि प्रशासक द्वारा नगर पालिका द्वारा खरीदी गई स्ट्रीट लाइटों में खुद आपत्ति लगाकर इसकी जांच के आदेश दिए गए थे। इसके बाद से नगर में करीब 400 से अधिक खंबो पर लाइट गायब है। उन्होंने बदहाल सफाई व्यवस्था पर भी कई सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए सरकार से शीघ्र निकाय चुनाव कराए जाने की मांग की है। इधर प्रशासक राहुल शाह ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि स्ट्रीट लाइट संबंधों में कराई गई जांच रिपोर्ट आने के बाद अब यह लाइट लगाने के निर्देश पालिका को दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था को लेकर पूर्व में भी शिकायतें मिली है जिसको लेकर ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लगने के कारण वार्डों में बैठक नहीं हो सकी है। मगर अब जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा।

# सेवा क्रांति फाउंडेशन ने लगाया रक्तदान शिविर



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सेवा क्रांति फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा पंचमुखी शिव मंदिर मलिक कालोनी वार्ड नंबर 31 मे मंदिर में सहयोगी पण्डित वीरेंद्र शर्मा, सचिन मुंजाल, रामवीर यादव, अलका अरोड़ा और समस्त कालोनी बासी के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमे समस्त कालोनी वासियों का पूर्ण सहयोग रहा।महिला शक्ति द्वारा भी पूर्ण सहयोग किया गया। इस मौके पर समाज सेवियो को सेवा क्रांति फाउंडेशन ट्रस्ट एवं रुद्रपुर चेरिटेबल ब्लड बैंक द्वारा सम्मानित किया गया।समाजसेवी भारत, रामवीर यादव, अलका अरोड़ा, जगजीत सिंह गोल्डी, दलजीत सिंह, हरविंदर सिंह, ज्ञानेश, अनमोल, अल्ली खान, अकरम, गुफरान, जितेंद्र शर्मा आदि रक्तवीरों का रक्तदान शिविर में सहयोग रहा। शिविर में 25 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।




# अग्रवाल सभा के अर्जुन अध्यक्ष, अमित महामंत्री और रणबीर बने कोषाध्यक्ष



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री अग्रवाल सभा रुद्रपुर में कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न हुए। जिसमें सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन जी के चरणों में नमन करते हुए कार्यवाही आरंभ की गई। सभा की अध्यक्षता फूल चन्द अग्रवाल ने की। आम सभा में विगत वर्षों के सभा के कोषाध्यक्ष नरेंद्र बंसल द्वारा आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। जिसकी आम सभा ने पुष्टि की। तत्पश्चात् चुनाव अधिकारी कैलाश गोयल ने चुनाव प्रक्रिया की जानकारी दी। नामांकन के नियम सभी सदस्यों को बताए और सभी से निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए सहयोग का अनुरोध किया। अध्यक्ष पद पर अर्जुन गुप्ता, महामंत्री पद पर अमित जैन लोहिया व कोषाध्यक्ष पद पर रणवीर गुप्ता ने नामंकन किया और तीनों पदों पर निर्विरोध चुने गए। उपाध्यक्ष पद पर मोहन कुमार अग्रवाल व रवींद्र गर्ग, मंत्री पद पर शरद गर्ग व राजेंद्र गुप्ता निर्विरोध चुने गए । कार्यकारिणी सदस्यों में मोहन अग्रवाल ,महेश गोयल , अखिलेश अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, प्रवीण गोयल, अजीत जैन , मनोज अग्रवाल, ललित अग्रवाल निर्विरोध चुने गए । चुनाव में गजानंद अग्रवाल , कैलाश गोयल, मुंशीराम अग्रवाल, श्रीकृष्ण मित्तल, विजय गर्ग, गोपाल गोयल, घनश्याम अग्रवाल, संजय गुप्ता, संजय सिंघल, महेश अग्रवाल, हेमंत गर्ग, सत्यनारायण बंसल, प्रदीप अग्रवाल, प्रवीण गोयल, महेंद्र गर्ग, रविन्द्र गर्ग, अंशु मित्तल, विशाल अग्रवाल, राकेश गर्ग, ललित गोयल, श्रीओम अग्रवाल, परवेश अग्रवाल, अजय बंसल आदि उपस्थित थे।नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारी को अग्रवाल सभा के समस्त सदस्यों ने शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सदस्यों ने कहा कि पदाधिकारी भविष्य में समाज के हित में कार्य करते हुए सभा को आगे बढ़ाएंगे।

# जन समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वार्ड 59 के निवर्तमान पार्षद रईस अहमद गुड्डू ने नगर आयुक्त व ऐई को क्षेत्र की समस्याओं के संदर्भ में एक ज्ञापन सोपा। जिसमें कहा गया है कि पूर्व ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण के लिए गलियों में रोड़ी( बजरी) बिछा दी गई थी। बजरी की वजह से लोग फिसल कर चोटील हो रहे हैं। नगर निगम द्वारा कहा गया था कि सर्दियों में डामर रोड डाली गई तो जल्दी उखड़ जाएगी, इसलिए मार्च के महीने में उक्त तमाम गलियों का निर्माण कर दिया जाएगा। मगर मार्च तो चला गया अप्रैल आ गया है अभी तक रोडो का निर्माण नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि वार्ड की जनता अत्यंत परेशान है। नगर आयुक्त ने आश्वासन देते हुए कहा कि वार्ड में सीवर लाईन पड़ने की जानकारी लेने के बाद बहुत जल्द वार्ड की गलियों का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा।

# 'दीदी किचन एवं कैफे' का किया शुभारंभ



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। एनआरएलएम के अन्तर्गत निर्मित नारी शक्ति कलस्टर न्याय पंचायत बिगवाड़ा के सदस्यों द्वारा काशीपुर रोड ग्रोथ सेन्टर में ''दीदी किचन एवं कैफे '' प्रारम्भ किया गया। नारी शक्ति कलस्टर के अध्यक्षा चन्द्रमणी दास ने सोमवार को फीता काटकर दीदी कैफे एवं किचन का शुभारम्भ किया। न्याय पंचायत बिगवाड़ा नारी शक्ति कलस्टर के अन्तर्गत 08 ग्राम संगठन व 63 स्वंय सहायता समूहों के 651 महिलाएं कलस्टर से जुड़ी है। दीदी किचन एवं कैफे में फस्टफूड मोमो, चाय, कॉफी, खीर, मैक्रोनी आदि बनाया जा रहा है साथ ही आउटलेट में जूस, आचार, दाल, मसाले व हैण्डीक्राफ्ट आदि उपलब्ध है। कलस्टर की अध्यक्षा ने कहा कि दीदी किचन एवं कैफे को लेकर समूह की महिलाएं काफी उत्साहित है। उन्होने कहा कि कैफे एवं किचन के साथ ही समूह की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उनका आर्थिक स्तर और मजबूत करने का कार्य किया जायेगा। उन्होने में दीदी कैफे एंव किचन संचालित करने हेतु ग्रोथ सेंटर उपलब्ध कराने के लिये प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कलस्टर के सदस्य रीना, लक्ष्मी बिष्ट, मोनी देवी, देपेन्द्र मल्होत्रा, रीचा चौधरी सहित अनेक महिला सदस्य आदि मौजूद थे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# जंगालों की आग

किसी हादसे का सबसे बड़ा सबक यह होना चाहिए कि ऐसे इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में वैसे हालात से बचा जा सके। हैरानी की बात है कि उत्तराखंड के जंगलों में हर वर्ष आग लगने और उससे व्यापक नुकसान होने की घटनाओं के बावजूद इस ओर ध्यान देने की जरूरत नहीं समझी जाती। इस बार फिर नैनीताल और उसके आसपास के जंगलों में आग लगी और फैल कर खतरनाक शक्ल ले चुकी है। बीते दो-तीन दिनों में कुमाऊं के जंगलों में पच्चीस से ज्यादा जगहों पर आग लग गई। वनाग्नि की इन घटनाओं में जहां करीब चौंतीस हेक्टेयर क्षेत्रफल में वन संपदा को नुकसान पहुंचा है, वहीं नैनीताल और आसपास के इलाकों में पर्यटन कारोबार पर भी इसका विपरीत असर पड़ा है। आग बुझाने के लिए भीमताल के पानी का उपयोग किया जा रहा है, जिससे उस झील में पर्यटन गतिविधियां ठप पड़ गई हैं। इससे इलाके की अर्थव्यवस्था पर काफी नकारात्मक असर पड़ने की आशंका है। ऐसा नहीं कि उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की यह कोई पहली या नई घटना है। हर वर्ष गर्मी में कई जगहों पर आग लगने की वजह से आसपास का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। इस बार तापमान में बढ़ोतरी के साथ अभी ही राज्य में पांच सौ से ज्यादा आग लगने के मामले सामने आ चुके हैं। विडंबना है कि प्रत्यक्ष आशंका और खतरा होने के बावजूद गर्मी की शुरुआत के पहले सरकार की ओर से आग लगने के लिहाज से संवेदनशील जगहों पर बचाव और आग को फैलने से रोकने के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जा सके। जंगल में कुछ ऐसे खाली क्षेत्र तैयार किए जा सकते हैं, जहां जलाशय बनाए जा सकते हैं कि अगर किसी क्षेत्र में आग लगे, तो उसे फैलने से रोका जा सके और बुझाने में मदद मिले। इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है कि क्या आग लगने की घटनाओं में कुछ अराजक तत्त्वों का हाथ है! मगर आम हो चुकी वनाग्नि की घटनाओं के बावजूद सरकार को इस ओर ध्यान देना शायद जरूरी नहीं लगता। नतीजतन, हर वर्ष राज्य में जंगलों का बड़ा हिस्सा वनाग्नि से तबाह होता है। उत्तराखंड के वन विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, भूमि संरक्षण रामनगर वन प्रभाग में तीन और भूमि संरक्षण रानीखेत वन प्रभाग में वनाग्नि की दो घटनाएं हुई हैं। अल्मोड़ा वन प्रभाग के आरक्षित वन क्षेत्र में दो, सिविल सोयम वन प्रभाग में तीन, पिथौरागढ़ वन प्रभाग के आरक्षित वन क्षेत्र में पांच, चंपावत वन प्रभाग में दो, तराई पश्चिमी रामनगर वन प्रभाग में एक, रामनगर वन प्रभाग के आरक्षित वन क्षेत्र में एक, लैंसडौन भूमि संरक्षण वन प्रभाग में एक और कालागढ़ टाइगर रिजर्व वन प्रभाग में वनाग्नि की एक घटना हुई, जिससे 78 हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। रामगढ़ से लगे गागर और महेशखान के जंगल में रविवार को लगी आग पर सोमवार सुबह एनडीआरएफ और वन विभाग की टीम ने काबू पाया। आग से वन संपदा को काफी नुकसान पहुंचा है।वन क्षेत्राधिकारी विजय मेलकानी ने बताया कि जंगल में लगी आग को वनकर्मियों और एनडीआरएफ की मदद से बुझा लिया गया। लेकिन सवाल यही है कि आखिर इस आग पर कैसे काबू पाया जा सकता है।

# गैस एजेंसी में उमड़ी उपभोक्ताओं की भीड़

## जीवित होने का प्रमाण देने पर मिलेगा सिलेंडर, भड़के लोग

सितारगंज(उद संवाददाता)। इंडेन गैस एजेंसी में सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं को केवाईसी के जरिए जीवित होने का प्रमाण पत्र देना पड़ेगा। जिसके बाद गैस एजेंसी परिसर में उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूर्व पालिकाध्यक्ष हरीश दुबे ने एजेंसी पहुंचकर प्रबंधन पर उपभोक्ताओं को समय न देकर बेवजह परेशान करने का आरोप लगाया है। उन्होंने सांकेतिक धरना भी दिया। क्षेत्र में करीब 20 हजार घरेलू गैस के उपभोक्ता है। मंगलवार को अचानक उपभोक्ताओं का पता चला कि बिना केवाईसी के घरेलू सिलेंडर आपूर्ति नहीं किया जाएगा। इसके बाद अचानक उपभोक्ताओं की भीड़ के कारण एजेंसी परिसर में अफरा तफरी रही। पूर्व चेयरमैन हरीश दुबे ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को केवाईसी करने के लिए कोई समय नहीं दिया है। जिस वजह से उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। उन्होंने प्रक्रिया का विरोध किया। इधर गैस एजेंसी के मैनेजर राजेंद्र सिंह गड़िया ने कहा कि एजेंसी परिसर में केवाईसी के जरिए प्रत्येक उपभोक्ता के जीवित होने की तस्दीक की जा रही है। उन्होंने बताया कि एक माह तक प्रत्येक उपभोक्ता की केवाईसी की जाएगी।


इंडेन गैस एजेंसी में केवाईसी करने के लिए उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

# भ्रामक विज्ञापन मामले में पतंजलि के 14 उत्पादों का लाइसेंस निलंबित

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड सरकार ने योग गुरु बाबा रामदेव की दवा कंपनी पतंजलि के 14 उत्पादों के विनिर्माण लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। ऐसा कंपनी की ओर से अपने उत्पादों के बारे में बार-बार भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए किया गया है। पतंजलि आयुर्वेद के दिव्य फार्मेसी के जिन उत्पादों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं उनमें श्वासारि गोल्ड, श्वासारि वटी, दिव्य ब्रोंकोम, श्वासारि प्रवाही, श्वासारि अवलेह, मुक्ता वटी एक्स्ट्रा पावर, लिपिडोम, बीपीग्रिट, मधुग्रिट, मधुनाशिनी वटी एक्स्ट्रा पावर, लिवामृत एडवांस, लिवोग्रिट, आईग्रिट गोल्ड और पतंजलि दृष्टि आई ड्रॉप शामिल हैं। गौरतलब है कि पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापन का मामला सुप्रीम कोर्ट में भी चल रहा है। शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान रामदेव, कंपनी के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण और कंपनी को फटकार लगाई थी। रामदेव और बालकृष्ण ने माफी भी मांगी थी। वहीं पतंजलि फूड्स को जीएसटी खुफिया विभाग ने कारण बताओ नोटिस भेजा है, जिसमें कंपनी से यह बताने को कहा गया है कि उससे 27.46 करोड़ रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट क्यों नहीं वसूला जाना चाहिए। 26 अप्रैल को कंपनी की ओर से नियामक को दी गई जानकारी के अनुसार, उसे जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय, चंडीगढ़ जोनल यूनिट से मिले नोटिस में यह भी कहा गया है कि कंपनी पर जुर्माना क्यों नहीं लगाया जाना चाहिए।



# डेंगू और चिकनगुनिया को लेकर स्वास्थ्य विभाग की गाईडलाइन जारी

देहरादून। उत्तराखंड में डेंगू और चिकनगुनिया की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य महकमा अलर्ट हो गया है। सोमवार को सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर राजेश कुमार ने सभी जिलों को डेंगू वायरस संक्रमण रोकने और बचाव के लिए गाइडलाइन जारी की है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों और सीएमओ को निर्देश दिए कि जिला अस्पताल व राजकीय मेडिकल कॉलेज में डेंगू मरीजों के उपचार के लिए अलग से आइसोलेशन वार्ड बनाए जाएं। साथ ही सभी शहरी निकायों के माध्यम से वार्डों में फॉगिंग की जाए। सचिव स्वास्थ्य ने गाइडलाइन में सभी जिलों को डेंगू और चिकनगुनिया रोग की रोकथाम व बचाव के लिए ब्लाक वायरस सूक्ष्म योजना बनाने के निर्देश दिए हैं। जुलाई से नवंबर माह का समय डेंगू वायरस का संक्रमण के लिए अनुकूल होता है। इसे देखते हुए कूलर, फूलदान, गमले, खुली पानी की टंकी, पुराने टायर, एकत्रित कबाड़ में पानी जमा होने से डेंगू का लार्वा पनपता है। इसके लिए लोगों को जागरूक करने के साथ स्वच्छता अभियान चलाया जाए। स्वास्थ्य विभाग ने गाइडलाइन में निर्देश दिए कि सभी नगर निगम व निकाय अपने-अपने क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाएं। साथ ही लार्वा समाप्त करने के लिए नगर निगम, नगर पालिका, आशा कार्यकर्ता व संबंधित विभाग की टीम बनाकर कार्रवाई करें। अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में आइसोलेशन वार्ड बनाकर नोडल अधिकारी नामित करें। डेंगू रोगियों की जांच के साथ प्लेटलेट्स की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।



# ईवीएम : मतदान और मतगणना की पारदर्शिता

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने ईवीएम में डाले गए वोट और वोटर वेरीफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल वीवीपैट से मतदान कराने की सुविधा को क्लीनचिट मिल गई है। अदालत ने ईवीएम और वीवीपैट से छेड़छाड़ कर हेराफेरी करने की कुशंकाओं पर पूर्ण विराम लगा दिया है। अतएव मतपत्र से चुनाव कराने की पुरानी पद्धति और वीवीपैट से निकली पर्चियों की षत. प्रतिषत गिनती कराने की मांग से जुड़ी सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। अदालत ने याचिकाकर्ताओं को नसीहत देते हुए कहा है कि ष्आंखें मूंदकर केवल शक की बुनियाद पर किसी भी नई व्यवस्था पर सवाल उठाना गलत है। पीठ ने चुनाव आयोग को इतना जरूर निर्देश दिया है कि चुनाव परिणाम के बाद सिंबल यूनिट को 45 दिन तक सुरक्षित रखा जाए। जिससे यदि कोई उम्मीदवार जांच की मांग करता है तो उसकी मांग की पूर्ति की जा सके। अतएव इस फैसले के परिप्रेक्ष्य में कहा जा सकता है कि अपारदर्षिता की बेहूदी दलीलों और मीडिया में आई खबरों के आधार पर मतदान की इस तकनीकी पद्धति पर सवाल खड़े करना कुतर्क के अलावा कुछ नहीं है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने तो 18 पृष्ठ के अलग से लिखे फैसले में यहां तक कह दिया कि ष्हाल के कुछ वर्शों में कुछ निहित स्वार्थों वाले समूहों द्वारा राष्ट्रीय उपलब्धियों को कमजोर करने के प्रयासों का रुझान बढ़ रहा है। इन कोषिषों को षुरूआत में ही खत्म करना होगा। मतपत्र से मतदान कराने की प्रणाली दोबारा लौटाने का प्रष्न न तो उठता है और न ही भविष्य में उठ सकता है। हांए भविष्य में जनता की मांग पर ईवीएम में सुधार या इससे बेहतर प्रणाली लागू की जा सकती है।ष् दत्ता के इस कथन से साफ है कि कुछ पूर्वाग्रही समर्थ लोग देश की उस हरेक प्रणाली और उपाय को खारिज करना चाहते हैं जो अधिकतम पारदर्शी होने के साथ अपनाने में सरल है। इसीलिए भारत की इस चुनाव प्रक्रिया की पूरी दुनिया में तारीफ होती है और दुनिया के अनेक लोकतांत्रिक देश इस चुनाव प्रणाली को भारत से सीखने के लिए भारतीय अधिकारियों को अपने देश में आमंत्रित करते हैं। अतएव कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल जो अपनी हार को छिपाने के लिए ईवीएम का दुश्प्रचार करते हैंए उन्हें स्वयं अपनी नेतृत्व क्षमता का मूल्यांकन करने के साथ मतदाता की बदली मानसिकता को भी समझने की जरूरत है। यदि दल अपने घोशणा.पत्रों में ओबीसी के 27 प्रतिशत निर्धारित आरक्षण में कर्नाटक के सभी मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग में जोड़कर आरक्षण देने की बात कहेंगे और देश के समृद्ध व व्यवसायी लोगों की कमाई को अन्य लोगों में बांटने की बात करेंगे तो मतदाता इतना तो जनता ही है कि उसका हित किन नीतिगत उपायों में सुरक्षित रहने वाला हैघ् इसलिए कहा जा सकता है कि ईवीएम को निशाना बनाने वाले और राष्ट्रीय उपलब्धियों को कमजोर करने वालों को जनता वोट क्यों दे । जब मतपेटियों में मतपत्र से वोट डाले जाते थेए तब उत्तर प्रदेशए बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में मतपेटियां लूटने या जबरिया वोट डालने की प्रक्रिया को अंजाम तक पहुंचाने में इतनी हिंसा होती थी कि दर्जनों लोग मौत के घाट उतार दिए जाते थे। गरीबों और दलितों को वोट डालने नहीं दिया जाता था। बाहुबली नेता अपने गुर्गों से इकतरफा वोट डलवा लिया करते थे। लेकिन अब जब तकनीक से जुड़ी ईवीएम से वोट डालने की सुविधा मतदान से वंचित कर दिए जाने वाले लोगों को मिल गई तो इस ताकत से मत. प्रतिषत तो बढ़ा ही वोट हड़पने वाली






षक्तियां भी नौए दोए ग्यारह होती चली गईं। कहा जा सकता है निश्पक्ष मतदान पर विश्वास नहीं करने वाले नेताओं की मंषाओं पर पानी फिर गया। पष्चिम बंगाल में अभी भी ग्राम पंचायत चुनावों में जो मतपत्र से चुनाव होता हैए उसमें मतपेटियां लूटने और अनेक प्रकार से धांधली करने के मामले सामने आए है। तय हैए ईवीएम चुनाव सुधार की दिषा में एक बड़ी पहल हैए इससे मतदान तो पारदर्शिता के साथ होता ही है मतगणना भी त्वरित होती है। अन्यथा मतपत्रों की गिनती में दो से तीन दिन तक लग जाया करते थे। इससे मतगणना में लगे कर्मचारियों को मानसिक प्रताड़ना के साथ अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। ईवीएम में पहले यह पता नहीं चलता था कि मतदाता ने जिस प्रत्याशी को वोट दिया है उसी को मिला हैए अथवा नहीं घ् किंतु अब ईवीएम में सुधार कर इस समस्या का समाधान कर लिया गया है। अब मतदाता जिसे वोट देता हैए वह वीवीपैट पर दिखाई देता है। चुनाव सुधार की दृष्टि से चुनाव आयोग ने घर से दूर रहने वाले मतदाताओं के लिए रिमोट वोटिंग सिस्टम ;आरवीएसद्ध तैयार किया है। इस मशीन की मदद से अब मूल मतदान स्थल से दूर रह रहे किसी दूसरे राज्य या शहर में रहने वाले मतदाता लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे। यानी मतदान के लिए उन्हें अपने मूल निवास स्थल पर आने की जरूरत नहीं रह जाएगी। चुनाव सुधार की दृश्टि से यह पहल अमल में आती है तो ऐतिहासिक होगी। नतीजतन उन 45 करोड़ लोगों को वोट डालने का अवसर मिलेगाए जो अपने घरों से दूर रहते हैं। यह उपाय मत.प्रतिषत बढ़ाने का भी काम करेगा। यानी जनप्रतिनिधियों का चुनाव अधिकतम मतदाताओं के वोट डालने से होगाए जो लोकतंत्र को पारदर्शी बनाने का काम करेगा। आज नहीं तो कल चुनाव सुधार की यह व्यवस्था लागू हो ही जाएगी। देष में निसंदेह एक बड़ा वर्ग ऐसा हैए जो अपना घर और षहर छोड़कर आजीविका के लिए दूसरे षहरों या राज्यों में रह रहे हैं। इनमें बड़ी संख्या में युवा हैं। हालांकि इनका कोई एकीकृत आंकड़ा देष और आयोग के पास नहीं है। फिर भी सब जानते है कि बड़ी संख्या में प्रवासी मतदाता हैं। ये लोग नई जगह पहुंचने के बाद नया वोटर पंजीयन भी नहीं कराते हैं। नतीजतन मतदान से वंचित रहते हैं। इन्हें जहां रह रहे हैंए वहीं मतदान की सुविधा मिल जाएए इस नजरिए से आरवीएम की परिकल्पना की गई है। आईआईटी मद्रास की मदद से ष्मल्टी कॉन्स्टीचुएंसी रिमोट ईवीएमष् के रूप में ऐसा मतदान उपकरण तैयार किया गया हैए जो एक रिमोट मतदान केंद्र से 72 निर्वाचन क्षेत्रों में प्रवासियों का मतदान कराने में सक्षम होगा। हालांकि आरवीएम के इस्तेमाल को लेकर प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने विरोध जता दिया है। कांग्रेस का कहना है कि इससे मतदान के प्रति लोगों का भरोसा कम होगा। जम्मू.कश्मीर के राजनीतिक दल तो इस मशीन के प्रयोग पर किसी भी स्थिति में राजी नहीं होंगे। क्योंकि वे जानते हैं कि घाटी से पलायन करने वाले करीब पांच लाख विस्थापितों को मतदान की आसान सुविधा मिल गई तो चुनाव में उनकी दाल गलने वाली नहीं है। हालांकि जब भी चुनाव सुधार की दृश्टि से जो भी उपाय सामने लाया जाता हैए तो विपक्ष उसका विरोध करता ही है। जब ईवीएम से मतदान अनिवार्य किया गया थाए तब भी इसकी पारदर्षिता पर सवाल खड़े किए गए थे। आज भी जो दल चुनाव में हार जाता हैए वह ईवीएम में गड़बड़ी के सवाल उठा देता है। लेकिन यह व्यवस्था इसलिए आवश्यक हैए क्योंकि निर्वाचन आयोग और जिला प्रशासन द्वारा षत.प्रतिषत मतदान के अभियान चलाए जाने के बावजूद अनेक निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान 50 प्रतिशत से भी कम देखने में आ रहा है। इस नाते जन.प्रतिनिधित्व का उद्देश्य पूरा नहीं हो रहा है। अतएव इसे दूर करना आयोग समेत राजनीतिक दलों का नैतिक और संवैधानिक दायित्व बनता हैं कि वे उन मतदाताओं का मतदान कराएंए जो अनेक जरूरी कारणों से देश में ही प्रवासी बने हुए हैं। लोकतंत्र की मजबूती के लिए आदर्श स्थिति यही है कि हरेक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करे। इस नाते 2005 में भाजपा के एक सांसद लोकसभा में ष्अनिवार्य मतदानष् संबंधी विधेयक लाए भी थे। लेकिन बहुमत नहीं मिलने के कारण विधेयक पारित नहीं हो सका था। कांग्रेस व अन्य दलों ने इस विधेयक के विरोध का कारण बताया था कि दबाव डालकर मतदान कराना संविधान की अवहेलना है। क्योंकि भारतीय संविधान में अब तक मतदान करना मतदाता का स्वैच्छिक अधिकार तो हैए लेकिन वह इस कर्तव्य.पालन के लिए बाध्यकारी नहीं है। लिहाजा वह इस राष्ट्रीय दायित्व को गंभीरता से न लेते हुएए उदासीनता बरतता है। हमारे यहां आर्थिक रूप से संपन्न सुविधा भोगी जो तबका हैए वह अनिवार्य मतदान को संविधान में दी निजी स्वतंत्रता में बाधा मानते हुए इसका मखौल उड़ाता है। मतदान की अनिवार्यता अथवा आरवीएम से सुविधा का मतदान कथित अल्पसंख्यक व जातीय समूहों को ष्वोट बैंकष् की लाचारगी से भी छुटकारा दिलाएगी। राजनीतिक दलों को भी तुष्टिकरण की राजनीति से निजात मिलेगी। क्योंकि जब प्रवासियों को आरवीएम से मतदान की सुविधा मिल जाएगी तो किसी धर्मए जाति या क्षेत्र विशेष से जुड़े मतदाताओं की अहमियत खत्म हो जाएगी। नतीजतन उनका संख्याबल जीत अथवा हार को प्रभावित नहीं कर पायेगा। लिहाजा सांप्रदायिक व जातीय आधार पर ध्रुवीकरण की जरूरत नगण्य हो जाएगी। जब पंजाब और जम्मू.कश्मीर में आतंकवाद की छाया थीए तब वहां हुए विधानसभा चुनावों में 15 से लेकर 20 प्रतिषत मतदान से ही सरकारें बनती रही हैं। साफ हैए यह स्थिति लोकतंत्र के लिए उचित नहीं रही। अतएव अधिकतम सरलता से किए जाने वाले मतदान के लिए ईवीएम की तरह आरवीएम की सुविधा भी मतदाता को मिलना जरूरी है।

**-प्रमोद भार्गव, लेखक वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार हैं।**

# पूरे देश में लागू होगी समान नागरिक संहिता : धामी

## सीएम धामी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नामांकन के बाद किया भव्य रोड शो





लखनऊ(उद ब्यूरो)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना को सशक्त और आधुनिक रूप से सुसज्जित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वह जन-जन के बीच भी बहुत लोकप्रिय हैं। सीएम धामी सोमवार को लखनऊ लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह के नामांकन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा, मुझे पूर्ण विश्वास है कि लखनऊ की देवतुल्य जनता पुन: प्रचंड बहुमत के साथ राजनाथ सिंह को विजय बनाकर नरेंद्र मोदी को को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में अपना योगदान देगी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को नामांकन दाखिल किया। उनके साथ मोहनलालगंज से पार्टी प्रत्याशी कौशल किशोर ने भी पर्चा भरा। नामांकन से पहले राजनाथ हनुमान सेतु मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद भाजपा मुख्यालय पहुंचे और रथ पर सवार हो रोड शो करते हुए कलक्ट्रेट पहुंचे। कलक्ट्रेट में राजनाथ ने जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार के समक्ष पर्चा दाखिल किया। इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक व राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी मौजूद रहे। इसके बाद सीएम धामी बरेली लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार के पक्ष में आयोजित जनसभा में शामिल हुए। लखनऊ में हुई पत्रकार वार्ता में धामी ने कहा, 400 पार का नारा निश्चित रूप से पूरा होगा। आज जिस प्रकार से लखनऊ की सड़कों पर लोगों का उत्साह देखने को मिला, चार जून को जो परिणाम आने वाले हैं, वो स्पष्ट रूप से उसका प्रमाण है। पहले चरण का मत प्रतिशत जरूर कम था। जो भी लोग प्रधानमंत्री मोदी जी को पीएम बनाना चाहते हैं, वे सभी मतदान के लिए आए। दूसरी पार्टी के लोगों ने मतदान में कम भाग लिया। उन्होंने कहा, लखनऊ में मैं 16 साल की उम्र से रहा हूं। अटलजी जब पीएम बने तब लखनऊ तेजी से विकास की ओर अग्रसर रहा और वह अनवरत रूप से जारी रहा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कालखंड में जिस प्रकार से यहां हाईवे बने, ओवर ब्रिज बने, तमाम सड़कें बनीं, मेट्रो चली वह दर्शाता है कि भाजपा काल में कितना काम हुआ है और यह पहले की तुलना में पूरी तरह से बदला हुआ लखनऊ है। पहले गोमतीनगर जाना टेढ़ी खीर था, लेकिन आज ऐसा नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा, सपा और बसपा की सरकारों में यहां माफिया राज था, लेकिन आज उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था बहुत अच्छी है। पीएम के कालखंड में गरीब कल्याण की जो योजनाएं बनी हैं, उनका हर वर्ग को लाभ मिला। उन्होंने कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी है कि भाजपा का जो संकल्पपत्र है, उसमें पूरे देश में समान नागरिक संहिता को देश में लागू करने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा, उत्तराखंड में हम इसे लागू कर चुके हैं। देश की आजादी के बाद उत्तराखंड पहला राज्य है जिसने इसे लागू किया। कहा, पीएम के नेतृत्व में पूरे देश को परिवार मानकर कार्य किया जा रहा है। दूसरी तरफ ऐसे दल हैं, जो अपने परिवारों से बाहर नहीं आ पा रहे। ये दल भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। ये दल आज तमाम तरह से भ्रामक बात कर रहे हैं कि 400 पार हो जाएंगे तो देश से आरक्षण समाप्त जो जाएगा। संविधान बदल जाएगा। मैं कहना चाहता हूं कि मोदी आरक्षण के बहुत बड़े पैरोकार और समर्थक हैं। धामी ने कहा, उत्तराखंड में लैंड जिहाद के तहत बहुत बड़ा अतिक्रमण था। हमने पांच एकड़ से ज्यादा भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई है। यह देवभूमि के स्वरूप को खराब करने की साजिश थी, जिसे हमने रोका। हमने जो कहा, वो कर के दिखाया। इसमें यूसीसी भी शामिल है।

## संत रविदास मंदिर समिति ने कराया पुलिया का निर्माण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आवास विकास जगतपुरा स्थित श्री संत रविदास जन कल्याण समिति द्वारा आज आवास विकास कालोनी में शिव शक्ति मंदिर के सामने विगत कई वर्षों से क्षतिग्रस्त पुलिया का निर्माण कार्य शुरू कराया गया। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि क्षतिग्रस्त पुलिया के कारण आम जनता को वहां से गुजरने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। यहां



आये दिन दुर्घटनायें भी घटित होती रहती हैं।उन्होंने बताया कि इस क्षतिग्रस्त पुलिया के निर्माण के लिए पूर्व में नगर निगम के अधिकारियों को कई बार आग्रह किया गया लेकिन अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। जिसका खामियाजा आज तक लोगों को भुगतना पड़ रहा है। जिसे देखते हुए श्री संत रविदास जन कल्याण समिति द्वारा आम सभा बुलाकर स्वयं इस क्षतिग्रस्त पुलिया का पुर्ननिर्माण कराने की जिम्मेवारी ली गई और समिति के खर्चे पर पुलिया का निर्माण शुरू करवाया। जनहित के इस कार्य में स्थानीय लोगों द्वारा पूरा सहयोग दिया गया। इस दौरान मंदिर प्रबंधक रामस्वरूप भारती, डीपी सिंह, छोटें लाल, राकेश कुमार, बृजपाल, संनील आर्य, गोपाल, सुनीता आर्य आदि मौजूद रहे।

## सारथी फाउंडेशन ने बच्चों को बांटी स्टेशनरी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हर वर्ष की भांति नये सत्र के प्रारंभ होने पर सारथी फाउंडेशन समिति द्वारा बच्चों को स्टेशनरी वितरित किया जाता है। इसी के तहत सारथी फाउंडेशन समिति के द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय बमोरी मल्ली की प्रधानाचार्या श्रीमती चम्पा पुरोहित एवं श्रीमती दीपा जोशी की उपस्थिति में कक्षा 1 से लेकर कक्षा 5 तक के बच्चों को कापी कवर एवं सम्पूर्ण स्टेशनरी वितरित की गयी। कार्यक्रम मै सर्वप्रथम स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम एवं कविताओं का पाठ किया गया। संस्था के संस्थापक संयोजक नवीन पंत एवं पदाधिकारीयो ने दीप प्रज्वलित किया। स्कूल प्रशासन का धन्यवाद करते हुए कहा कि सारथी हर वर्ष नये सत्र पर स्कूली बच्चों को कॉपी आदि स्टेशनरी आदि बांटता है और इस मुहीम को हम लगातार जारी रखेंगे। कोई भी बच्चा बिना शिक्षा के अभाव मै नहीं रहना चाहिए। जिसके लिए सारथी फाउंडेशन समिति निरंतर प्रयास करती है और सदा करती रहेगी। अपने सम्बोधन में संस्थापक सदस्य ज्ञानेंद्र जोशी ने कहा कि शिक्षा वह नीव है जिस पर हम अपने भविष्य का निर्माण करते है और शिक्षा का हर एक तक पहुचाने का लक्ष्य लेकर सारथी लगातार आगे बड़ रहा है और इस दिशा में अभी कई महत्वपूर्ण कार्य करने है और हम उन्हें करके रहेंगे। तत्पश्चात प्रधानाचार्या चम्पा पुरोहित द्वारा संस्था का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सारथी फाउंडेशन समिति समय समय पर हमारे स्कूल में आकर बच्चों का उत्साहवर्धन करती है। स्कूल की तरफ से सभी का धन्यवाद करते हुए आशा करती हूँ कि आप इसी तरह आगे भी बच्चों का उत्साहवर्धन करते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के प्रमुख व्यवसाई कमल जोशी को संस्था का आई कार्ड पहना कर संस्था में शामिल किया गया। इस दौरान नवीन पंत, सुमित्रा प्रसाद, दीक्षा पंत पांडे, मंजू सनवाल, पूजा पंत, भावना जोशी, कमल जोशी, हेमा जोशी, मीना शाही, तारा बिष्ट, बबिता टकवाल, गीता बेलवाल, भावना पाण्डे, केतन जायसवाल, संतोष गौड़, कैलाश आदि थे।



## छात्रवृत्ति घोटाले के मामले में कालेज प्रबंधन पर मुकदमा

### एसआईटी की जांच में हुई थी पुष्टि



सितारगंज(उद संवाददाता)। छात्रवृत्ति के नाम पर सरकारी धन हड़पने के आरोप में बीएड, बीए के दो संस्थानों पर जलसाजी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। एसआईटी की टीम ने करीब 6 लाख रुपए से अधिक छात्रवृत्ति घोटाले की पुष्टि की थी। क्षेत्र के बीएड, बीए कॉलेज संस्थान में विद्यार्थियों के नाम से लाखों रुपए की अनिमियताएं सामने आई थी। सैकड़ों छात्रों के नाम पर समाज कल्याण विभाग ने लाखों रुपए की छात्रवृत्ति भी दी थी। जो संस्थान पर हड़पने का आरोप है। जांच रिपोर्ट में सामने आया कि अध्यनरत छात्राओं को धोखे में रखकर छात्रवृत्ति का घोटाला किया गया है। वरिष्ठ उप निरीक्षक कविंद्र शर्मा ने बताया कि छात्रवृत्ति घोटाले के मामले में सुशीला तिवारी बीएड कालेज के दो संस्थानों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## रात को घर में घुसा पड़ोसी बालिका से दुष्कर्म का आरोप

किच्छा। क्षेत्र के एक गांव में पड़ोसी युवक पर रात को घर में घुसकर बालिका से दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। पीड़िता के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता के पिता ने कहा कि वह दिल्ली में नौकरी करता है। 25 अप्रैल की रात परिवार वाले सो रहे थे। इस दौरान गांव का एक युवक उनके घर में घुस आया। आरोप लगाया कि युवक ने उनकी 12 साल की बेटी का मुंह दबा कर दुष्कर्म किया। बेटी के शोर मचाने पर उनकी पत्नी जाग गई। शोर मचाने पर युवक भाग निकला। बेटी बेहोश हो गई। घटना के बाद ग्रामीण भी एकत्रित हो गए। यह भी आरोप लगाया कि आरोपी युवक का परिवार उन्हें डरा धमका रहा है।

## पेज एक का शेष...

**उत्तराखंड बोर्ड में बेटिया.........**आयुष ने टॉप किया है। जिन्होंने 500 में से 495 अंक हासिल किए हैं। कुल 99.00 प्रतिशत स्कोर हासिल किया है। अल्मोड़ा के पीयूष खोलिया और नैनीताल की कंचन जोशी ने टॉप किया है। कंचन जोशी को इंटरमीडिएट परीक्षा में 500 में से 488 अंक हासिल हुए है। 97.60 प्रतिशत स्कोर रहा है। प्रदेश की श्रेष्ठता सूची में संयुक्त रूप से सर्वोच्च स्थान हासिल किया है। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 10594 रही है और कुल 9.42 प्रतिशत स्कोर रहा। प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 31116 रही और कुल 27.68 प्रतिशत स्कोर रहा है। द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 44320 है और कुल 39.43 प्रतिशत स्कोर है। तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 14139 है। जिनका स्कोर 12.58 प्रतिशत है। बता दें कि इस साल यह परीक्षाएं 27 फरवरी से शुरू होकर 16 मार्च को तक चली थी। जिसमें इस बार 10वीं और 12वीं में 2,01,737 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी है। जिसमें 10 वीं में 1,16,823 जबकि 12वीं में 94,914 परीक्षार्थियों ने बोर्ड एग्जाम दिया था। वहीं, बोर्ड परीक्षाओं के लिए उत्तराखंड में 156 संवेदनशील और 6 अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्र बनाए गए थे.वहीं, परीक्षा संपन्न होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य 27 मार्च से 10 अप्रैल तक चला था।

**सीएम ने टॉपरों को दी......**बाद गंगोलीहाट पिथौरागढ़ की छात्रा प्रियांशी रावत से फोन पर बात कर बधाई दी है। शिक्षा मंत्री ने कहा हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में बालिकाओं ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। सभी बेटियों को बहुत बहुत बधाई।

**अवैध संबंधों का विरोध......**वह पुलिस चौकी पहुंच गई और गुनाह कबूल करते हुए उसने खुद को सरेंडर कर दिया। दिल को दहला देने वाली यह घटना जैसे ही क्षेत्र में जंगल में आग की तरह फैली लोग सुनकर अवाक रह गए। मृतक के एक पुत्र व तीन पुत्रियां हैं।

**शराब के नशे में पड़ोसी पर........**उत्पात मचाने से रोकने की कोशिश की तो संजय ने रंजीत पर प्राण घातक हमला कर दिया। रंजीत ने किसी तरह अपनी जान बचाई और घर चला आया। बताते हैं कि बदले की नीयत से संजय ने घात लगाकर दोबारा रंजीत पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करते हुए उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद से मृतक की पत्नी सावित्री देवी एवं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के दो पुत्र क्रमश: भरत व सुनील तथा तीन पुत्रियां हेमा आशा एवं पुष्पा हैं जिसमें से पुष्पा की कुछ समय पूर्व मृत्यु हो चुकी है।

**रूद्रपुर में होगा यूपी और.......**लोग अपना रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं और अभी काफी लोगों के रजिस्ट्रेशन होने बाकी है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल सिटी क्लब में प्रतिभागियों के लिये इंट्री 12 मई को प्रात: 7 बजे से 11 बजे तक होगी। उसके बाद कोई भी प्रतिभागी इस कम्पटीशन में शामिल नही हो पायेगा। उन्होंने बताया कि गाजियाबाद, मुरादाबाद,रामपुर और मेरठ से गुणवत्तायुक्त ट्रॉफी और मेडल मंगाये

**प्रतियोगिता में चैम्पियन....**जायेगा। इसको जीतने वालों को एक आकर्षक ट्रॉफी के साथ 11 हजार रूपये का नगद इनाम दिया जायेगा। श्री चौपड़ा ने बताया कि इसके लिये बलिया,पंजाब आदि शहरों से कई प्रतिभागी आ रहे है जिनका खुला चैंलेज है कि उनका पंजा कोई नही गिरा सकता हैं। इस प्रतियोगिता को चैम्पियन ऑफ चैम्पियन का नाम दिया गया है।

**रूद्रपुर में पंजा कम्पटीशन को..........**लिये दर्शकों में काफी उत्साह है। आगामी 12 मई को 12 बजे से सिटी क्लब में आयोजित हो रहे पंजा कम्पटीशन के लिये दर्शकों के लिये बिल्कुल नि:शुल्क इंट्री होगी। बैठने की व्यवस्था पहले आओ पहले पाओं के आधार पर होगी। कम्पटीशन में शरारती तत्वों द्वारा किसी प्रकार का कोई विघ्न न डाला जाये, इसके लिये बकायदा सुरक्षा के लिये गार्ड तैनात रहेंगे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड, गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैंने अपना नाम AKSHAY KUMAR MAHESHWARI (पुराना नाम) से बदल कर अब AKSHAY MAHESHWARI (नया नाम) कर लिया है। आज और अब से भविष्य में मुझे AKSHAY MAHESHWARI पुत्र ANIL KUMAR MAHESHWARI नाम से जाना पहचाना जाय।

20, SUNNY DAILES COLONYNEARAGARSEN HOSPITAL RUDRAPUR (U.S.NAGAR)

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)






# पलकें ही पलकें बिछायेंगे,जिस दिन श्याम प्यारे घर आयेंगे

## गल्ला मंडी के खाटू श्याम मंदिर में सजा भव्य कीर्तन दरबार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री श्याम मित्र मंडल गल्ला मंडी के तत्वाधान में गत रात्रि 11वां भव्य श्री खाटू श्याम संकीर्तन महोत्सव गल्ला मंडी स्थित खाटू श्याम मंदिर प्रांगण में आतिशबाजी व ढोल नगाड़ो के साथ धूमधाम से मनाया गया।बाबा की ज्योत मुख्य यजमान मदन मोहन शर्मा व मधु शर्मा द्वारा प्रजवल्लित की गयी। कार्यक्रम में विश्व विख्यात भजन प्रवाहक नंदू जी ने कीर्तन की है रात, भर दे श्याम झोली भर दे, जिस दिन श्याम प्यारे घर आएंगे, मै दुखिया नीर बहाता भजन गाकर सभी श्याम प्रेमियों को नाचने व झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं भटिंडा से आईं बबली शर्मा ने मै हूं आपका कोई पराया नही, खाटू बुला रहा है भजन सुनाकर श्याम प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शुभम सक्सेना रुद्रपुर ने बाबा का गुणगान कर माहौल को श्याममय कर किया। महोत्सव में हजारों की संख्या मे श्याम भक्तो ने देर रात तक संकीर्तन का आनंद उठाया व भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर प्रदेश मंत्री भाजपा विकास शर्मा, पूर्व शिक्षा मंत्री अरविन्द पाण्डेय, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, पूर्व महापौर रामपाल सिंह, अनिल चौहान, अग्रवाल सभा महिला प्रदेश अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल, विजय अग्रवाल, सुमित श्यामपुरिया, चंद्रकेश यादव, अमन गुप्ता, राहुल शर्मा, प्रमोद तिवारी, राजेश श्यामपुरिया, कैलाश अग्रवाल, जय भगवान जैन, आनंद अग्रवाल, राजेंद्र तुलसियान, सुरेश मित्तल, डॉ. नवीन अग्रवाल, डॉ प्रियंका पांडे, अतुल बंसल, प्रमोद गोयल, जय भगवान जैन, मनोज राजदेव, रामकिशन शर्मा, प्रवीण गोयल, तरुण कालरा, अशोक गोयल, मनीष गोयल, गोविंद शर्मा, अशोक शर्मा, कृष्ण वत्स, सत्यम कालरा, अजय बंसल, अमित मित्तल, मनोज गर्ग, मनोज अग्रवाल, दिनेश गोयल, सुरेंद्र शर्मा, मनोज श्याम पुरिया, राहुल चौहान आदि उपस्थित रहे।





# देवभूमि में एक बार फिर 'इलेक्शन मोड' में भाजपा-कांग्रेस

- ❑ भाजपा ने नियुक्त किए बद्रीनाथ एवं मंगलौर विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रभारी
- ❑ निकाय नगर निकाय चुनाव में प्रत्याशी चयन के लिए भाजपाई टीम का गठन शीघ्र
- ❑ भाजपा की देखासिखी कांग्रेस ने भी आरंभ की नगर निकाय प्रत्याशियों के चयन की कवायद

– अर्श –

देहरादून। भाजपा एवं कांग्रेस के नेताओं कार्यकर्ताओं की लोकसभा चुनाव के भाग दौड़ की थकान अभी पूरी तरह दूर भी नहीं हो पाई थी, कि राज्य के दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दल के प्रदेश नेतृत्व ने आगामी नगर निकाय चुनाव के लिए रणनीति तैयारियां करनी आरंभ कर दी है और राज्य स्तर पर दोनों ही राजनीतिक दल एक बार फिर इलेक्शन मोड में नजर आने लगे हैं। जाहिर है कि जल्द ही दोनों पार्टियों के राज्य नेतृत्व द्वारा कार्यकर्ताओं को निकाय चुनाव के मोर्चे पर डटने का फरमान जारी कर दिया जाएगा ।बात अगर भाजपा के इलेक्शन मोड में आने की करें, तो भारतीय जनता पार्टी ने, न केवल निकाय चुनाव बल्कि बद्रीनाथ एवं मंगलौर के संभावित विधानसभा उपचुनाव की तैयारी को भी धार देना आरंभ कर दिया है। ज्ञात हो की इस क्रम में भारतीय जनता पार्टी ने बदरीनाथ और मंगलौर विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रभारी बना दिए हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बीते रोज प्रभारियों की घोषणा करते हुए बताया कि बदरीनाथ विस सीट के लिए विजय कप्रवाण और मंगलौर विस सीट के लिए अजीत चौधरी को प्रभारी बनाया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के अनुसार दोनों चुनाव प्रभारी अपने–अपने प्रभार वाले चुनाव क्षेत्रों में संगठन के नेताओं से समन्वय बनाकर चुनावी रणनीति को अंजाम देंगे। जहां तक नगर निकाय चुनाव की भाजपाई तैयारी का सवाल है? तो प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, जिताऊ प्रत्याशियों की तलाश के लिए 10 मई



से प्रक्रिया आरंभ करने का संकेत ,कुछ रोज पहले ही दे चुके हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के अनुसार पार्टी इसके लिए स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ के तहत टीमों का गठन करेगी और इन टीमों को टिकट चाहने वाले कार्यकर्ताओं के नामों का पैनल तैयार करने के लिए फील्ड में भेजा जाएगा। यह टीम पार्टी के स्थानीय पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेताओं की सहमति के आधार पर ही नाम के पैनल तैयार करेगी। भाजपा अध्यक्ष ने नगर निकाय चुनाव को लेकर पार्टी के पदाधिकारी की एक महत्वपूर्ण बैठक जल्द ही आयोजित करने के बात भी कही है। उधर भाजपा की देखासिखी कांग्रेस ने भी निकाय चुनाव के लिए होमवर्क शुरू कर दिया है। राज्य नेतृत्व के अनुसार पार्टी जल्द ही निकायवार प्रभारी भी नियुक्त करने जा रही है।कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने गत दिवस सभी जिलाध्यक्षों को पत्र लिखकर, संभावित आरक्षण के मुताबिक चार–चार प्रमुख नाम तय करने को कहा है ।कांग्रेस का आकलन है कि आरक्षण घोषित होने के बाद चुनाव के लिए बहुत कम समय मिलेगा, ऐसे में पार्टी संभावित दावेदारों का पैनल पहले से ही तैयार रखना चाहती है, ताकि नामांकन के दौरान किसी तरह की हड़बड़ी न रहे। साथ ही जिलाध्यक्षों को तैयार होने वाले पैनल के संबंध में सभी पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श करने को भी कहा गया है। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मथुरादत्त जोशी के अनुसार लोकसभा चुनाव के लिए नियुक्त कोऑर्डिनेटर के जरिए ही कांग्रेस निकाय चुनाव अभियान को आगे बढ़ाएगी और इसी क्रम में निकायवार प्रभारी नियुक्त किए जा रहे हैं ।चुनाव पर सरकार की ओर से स्थिति स्पष्ट किए जाने के साथ ही प्रभारी निकायों में जाकर पैनल को अंतिम रूप देंगे।कांग्रेस का मानना है कि लोकसभा चुनाव के अभियान के दौरान पार्टी का जमीनी संगठन पूरी तरह सक्रिय रहा, कांग्रेस को इसका लाभ निकाय चुनावों में भी मिलेगा।